अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 11°C
सेंसेक्स 75,301.26
निफ्टी 22,84.30
सोना 90,870
चांदी 1,04,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 19 मार्च 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 67 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## 18वां रोज़ा



कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।

# सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद सबसे लंबा अवैध कब्जा कश्मीर पर: जयशंकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ रायसीना डायलाग के दूसरे दिन बोले विदेश मंत्री, पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये पर भी उठाए सवाल**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2025 के दूसरे दिन विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने वैश्विक व्यवस्था में निष्पक्षता की जरूरत पर जोर दिया और पश्चिमी देशों के दोहरे मानकों पर सवाल उठाए।

थ्रोन्स एंड थॉर्न्स: डिफेंडिंग द इंटेग्रिटी ऑफ नेशंस सत्र में बोलते हुए, जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को वैश्विक नियमों की नींव बताया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक का सबसे लंबा अवैध कब्जा करार दिया। जयशंकर ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र गए। एक आक्रमण को विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रख दिया गया। इसके लिए जिम्मेदार पक्ष कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका? इसलिए मेरे इस पूरे विषय पर कुछ सवाल हैं। जयशंकर ने कहा कि यह दिखाता है कि कैसे पश्चिमी ताकतों ने कश्मीर की वास्तविकता को तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने राजनीतिक हस्तक्षेप पर पश्चिमी देशों के नजरिये पर भी सवाल उठाए। जयशंकर के अलावा पैनल में लिचेंस्टीन की विदेश मंत्री डोमिनिक हसलर, स्लोवाक रिपब्लिक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानर, स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट भी शामिल हुए। इस बार के रायसीना डायलॉग की थीम: कालचक्र- पीपुल, प्लेस एंड प्लेनेट है। इसमें करीब 125 देशों के 3500 से ज्यादा लोग शामिल होंगे। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन में शामिल हुए। इस दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने बतौर चीफ गेस्ट समिट को संबोधित किया। 3 दिन का यह सम्मेलन 19 मार्च तक चलेगा।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू, 50 गिरफ्तार

**नागपुर, वार्ता**



**नागपुर में औरंगजेब** का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है।

दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद

**33 पुलिसकर्मी घायल, घायलों में तीन डीसीपी शामिल**

**संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग की**

संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई

-शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायल का गाजा पर कहर, 413 मरे

## दो महीने पुराना सीजफायर टूटा, गाजा को नरक बना देंगे: काट्ज

**तेल अवीव, वार्ता**



**सैकड़ों नागरिक घायल, हमास की चेतावनी: अब 24 इजरायली बंधकों का जिंदा बचना मुश्किल**

**इजरायल ने** मंगलवार सुबह गाजा में फिर से एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। करीब 12 घंटे से जारी इजरायली हमलों में अब तक 413 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों घायल हैं। इस हमले के साथ ही 19 जनवरी को गाजा और इजरायल के बीच हुआ दो महीने पुराना सीजफायर टूट गया है। इजरायल का दावा है कि वह हमले की प्लानिंग कर रहे आतंकियों को निशाना बना रहा है।

हमास का कहना है कि नेतन्याहू का फिर से युद्ध शुरू करने का फैसला इजरायली बंधकों के लिए मौत की सजा की तरह है। इस हमले के बाद हमास की कैद में मौजूद लगभग 2 दर्जन इजरायली बंधकों की रिहाई को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। दूसरी तरफ इजरायली फोर्सेज ने लोगों को पूर्वी गाजा खाली करने का आदेश दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए, क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया, तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजरायली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजरायली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजरायल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजरायल ने पिछले दो हफ्तों से -शेष पृष्ठ दो पर

### लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए

**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा के साथ ही लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट्स हैं। सीरिया में दारा इलाके में रिहायशी क्षेत्र में हवाई हमले किए गए। लेबनान में भी इजरायल ने दो हिजबुल्ला आतंकियों को मारने का दावा किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि गाजा में किए गए हमलों को लेकर इजरायल ने ट्रंप प्रशासन और व्हाइट हाउस से सलाह ली थी। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है, हमास, हूती, ईरान को अमेरिका और इजरायल को आतंकित करने की कीमत चुकानी पड़ेगी। सबकुछ तहस-नहस कर दिया जाएगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो गाजा में और बुरी हालत होगी। उन्होंने कहा कि हम तब तक लड़ाई नहीं रोकेंगे, जब तक हमारे सभी बंधक घर नहीं पहुंच जाते। मिस्र और कतर के साथ मध्यस्थता प्रयासों का नेतृत्व कर रहे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने पहले ही आगाह किया था कि हमास को जीवित बंधकों को तुरंत रिहा करना चाहिए या फिर भारी कीमत चुकानी होगी।






# बहुचर्चित दिहुली हत्याकांड में तीन को फांसी सुनाई



**■ 44 साल बाद आया फैसला, 24 दलितों की हुई थी सामूहिक हत्या**

**मैनपुरी।** उप्र में फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवम्बर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई।

वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर 3 बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई। कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया। फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं।

### भड़काऊ भाषण केस में मंत्री कपिल मिश्रा की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा मिश्रा को दोषी करार दिए जाने के आदेश पर स्टे लगाने से इन्कार करते हुए मामले को 19 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। हाल ही में राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाने के आरोप में कपिल मिश्रा को दोषी करार दिया था। इस आदेश के खिलाफ कपिल मिश्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा की अदालत कर रही है।

### श्रीलंका नौसेना ने तीन भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को तीन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनके मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यहां बताया कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया, जब वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के करीब समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंका की नौसेना ने दावा किया कि वह द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाली विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मछली पकड़ने की प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त और अभियान चलाती रहती है।

### हंगामे के कारण लोस की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयागराज महाकुंभ पर दिए वक्तव्य पर विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देना नियमों का उल्लंघन बताते हुए मंगलवार को हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

# लोकपाल मसला: रंजीत कुमार न्यायमित्र नियुक्त



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल की ओर से मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच करने के अधिकार क्षेत्र से संबंधित विवाद मामले में मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार को न्यायमित्र नियुक्त किया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने स्पष्ट किया कि वह लोकपाल के 27 जनवरी, 2025 के आदेश की वैधता से संबंधित मामले में अधिकार क्षेत्र के मुद्दे की जांच करेगी, न कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की योग्यता की। लोकपाल के उस आदेश में कहा गया था कि भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच कर सकती है। शीर्ष अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और कहा कि उन्होंने लिखित दलीलें दाखिल की हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल ने अपना हलफनामा दाखिल किया है, जिसमें आदेश में उनके द्वारा अपनाए गए रुख को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि लोकपाल के पास ऐसी शिकायतों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।

### सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवार से अलग यूपीएससी परीक्षा नहीं ले सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है। पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की।

# ताशकंद के व्यापारियों को उत्तराखंड में निवेश का आमंत्रण

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**■ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भारतीय दूतावास ताशकंद में कार्यक्रम को किया संबोधित**



**देहरादून।** उत्तराखंड में विदेशी निवेश को लेकर लगातार कोशिशें जारी हैं। उन प्रवासी उत्तराखंडियों पर विशेष फोकस है जो विदेशों में कारोबार कर रहे हैं।

उत्तराखंड के परिपेक्ष में भारतीय दूतावास ताशकंद में आयोजित व्यापार निवेश तथा पर्यटन संवर्द्धन से संबंधित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने ताशकंद में भारतीय दूतावास द्वारा उत्तराखंड में व्यापार, निवेश और पर्यटन के अवसरों को उजागर करने के लिए उत्तराखंड दिवस के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि पहली बार उत्तराखंड की उज्बेकिस्तान में इस प्रकार का अभिनव मंच मिल रहा है। एक ऐसा देश जिसके साथ भारत 2011 से आपसी संबंध साझा करता आ रहा है। प्रवासी उत्तराखंड वासियों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासी बंधुओं की सुविधा के लिए राज्य में प्रभावी व्यवस्था बनाई गई है। उत्तराखंड में हाल ही में देश व विदेश में रह रहे उत्तराखंड वासियों का सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रवासी बंधुओं के द्वारा प्रतिभाग कर राज्य के विकास में सहयोगी बनने का आश्वासन दिया गया। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत, आध्यात्मिक स्थलों, वेलनेस टूरिज्म, आयुर्वेद और एडवेंचर टूरिज्म के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। भारत के प्रमुख शहरों के साथ अच्छी हवाई कनेक्टिविटी, विश्व स्तरीय सड़कों का नेटवर्क, अच्छी कानून व्यवस्था और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व, -शेष पृष्ठ दो पर

# देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति पहले से हुई है खराब: विपक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ कहा: कुछ मानकों में भारत बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की बदहाल स्थिति की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि कुछ मानकों में देश बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे है, जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वास्थ्य क्षेत्र में कई गुना सुधार हुआ है।

विपक्षी सदस्यों ने यह भी दावा किया कि कई राज्यों में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर है। द्रविड मुनेत्र कषगम के तिरूचि शिवा ने मंगलवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुल बजट में इसके लिए मात्र 1.4 प्रतिशत का आवंटन किया गया है जो जीडीपी का केवल 0.02 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में यह आंकड़ा कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट का आवंटन करते समय स्थायी समिति की सिफारिशों को नजरंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका और थाइलैंड जैसे देश भी स्वास्थ्य पर भारत से अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस स्थिति की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। श्री शिवा ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने राज्य के कुल बजट का 4.9 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सबसे अधिक 79 मेडिकल कॉलेज हैं और राज्य में डाक्टर तथा रोगी का अनुपात देश भर में सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि सरकार गैर संचारी रोगों पर काबू पाने में पूरी तरह विफल रही है। मानसिक रोगियों और मानसिक स्वास्थ्य को भी देश में नजरंदाज किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट परीक्षा को राज्यों पर थोपने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह परीक्षा राज्यों से विचार-विमर्श के आधार पर तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दक्षिण के राज्य केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में 50 प्रतिशत अस्पताल सरकारी हैं और 48 प्रतिशत निजी अस्पताल हैं, जबकि अन्य राज्यों में सरकारी अस्पतालों की संख्या कम है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया और इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मदुरै एम्स अभी भी कागजों में ही अटका हुआ है और इसका काम जल्द शुरू किया जाना चाहिए। द्रमुक सदस्य ने कहा कि तमिलनाडु को परिवार नियोजन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए परिसीमन के नाम पर दंडित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया आबादी के आधार पर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर के राज्यों में भी परिवार नियोजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के भागवत कराड़ ने इसका प्रतिवाद करते हुए मोदी सरकार के कार्यकाल में अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज, मेडिकल सीटों, टीकाकरण और स्वास्थ्य ढांचे में कई गुना सुधार होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट निरंतर बढ़ा रही है और इस बार भी इसे 1.9 प्रतिशत से बढ़कर 1.97 प्रतिशत किया गया है।

# फायरिंग मामले में कुंवर प्रणव चैंपियन को मिली जमानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ 26 जनवरी को निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर चली थी गोलियां**

**देहरादून।** खानपुर सीट से निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर गोली कांड में आरोपी और 27 जनवरी को गिरफ्तार हुए पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट हरिद्वार से मंगलवार को जमानत मिल गई है।

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को राहत देते हुए उनके वकील द्वारा लगाई गई जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद जमानत दे दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता ने बहस की थी। जबकि विधायक उमेश कुमार के अधिवक्ता उत्तम सिंह चौहान ने दलील दी कि चैंपियन को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। कुंवर प्रणव चैंपियन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी ने जमानत के लिए दलील पेश की। 15 फरवरी को जेल में तबीयत बिगड़ने पर चैंपियन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि खानपुर विधायक उमेश कुमार व चैंपियन के बीच सोशल मीडिया में जंग हो गई थी। उमेश कुमार के लंढौरा के रंगमहल के बाहर गाली गलौज करने के बाद चैंपियन व समर्थकों ने 26 जनवरी को विधायक के कार्यालय पर गोली चला दी थी। इधर, जमानत मिलने के बाद चैंपियन ने समर्थकों का आभार जताया।


# दिल्ली के लोगों को नई सरकार से बहुत अधिक अपेक्षाएं: बिरला

## दिल्ली विधानसभा सदस्यों के दो दिवसीय कार्यक्रम में बोले लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों से इसे आदर्श विधान सभा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि नई सरकार से लोगों को बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं।

बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में दिल्ली विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते समय लोकतांत्रिक भावना और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए सदन के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने विधानमंडल को कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और सदस्यों के क्षमता



**सार्वजनिक जीवन में नैतिकता व आचरण बनाए रखें सदस्य**

निर्माण पर भी जोर दिया। बिरला ने कहा कि सदन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए तथा असहमति को गरिमापूर्ण ढंग से तथा सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने सदयों से सार्वजनिक जीवन में आचरण तथा नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने सदस्यों से परंपराओं को कायम रखने तथा उन्हें और मजबूत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विधायकों का आचरण तथा विधानसभा में उनके कार्य तथा चर्चाएं देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती हैं। बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अच्छे श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सुनना भी उतना ही जरूरी है जितना अपनी बात कहना।अच्छा वक्ता बनने के लिए अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुरानी चर्चा-संवाद के अध्ययन के साथ ही कानूनों तथा नए विचारों को सीखने तथा समझने की सोच के साथ काम करना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों को विधान सभा के नियमों और प्रक्रियाओं, भारत के संविधान, विशेषकर उन धाराओं से परिचित होना चाहिए जो आपके राज्य, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से संबंधित हैं।

### राज्य के विकास में सार्थक योगदान दे सकते हैं

बिरला ने विधाई प्रारूपण के ज्ञान के महत्व को दोहराते हुए कहा कि विधाई प्रारूपण में कुशल जनप्रतिनिधि अपने राज्य के विकास और शासन में सार्थक योगदान दे सकते हैं। अच्छे विधाई प्रारूपण के माध्यम से, विधायक विधानसभा की मदद कर सकता है तथा प्रभावी कानून बनाने और लोगों तक सेवाएं बेहतर ढंग से पहुंचाने में सरकार की मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का आधार संवाद और आम सहमति है, इसलिए संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी घेर दिया कि सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी भाषा, आचरण और तर्क संसदीय मानदंडों के अनुरूप हों। लो. कतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनके सकारात्मक योगदान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम न केवल विधायी दायित्वों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर है, बल्कि एक-दूसरे से सीखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का मंच भी है।

# आधार कार्ड से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

**नई दिल्ली, वार्ता**

मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में यह फैसला लिया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव, विधाई विभाग के सचिव, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और यूआईडीएआई के सीईओ तथा चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326 के प्रावधानों के अनुसार ही किया जाएगा। कहा गया कि इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण



**मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला**

और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही आगे की चर्चा करेंगे।

संविधान में भी वोटर आईडी को आधार से जोड़ने का प्रावधान है। बताया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23, जिसे चुनाव कानून (संशोधन) अधि. नियम, 2021 कहा जाता के मुताबिक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मौजूदा या भावी मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या प्रदान करने की मांग कर सकते हैं। यह कानून मतदाता सूची को आधार डाटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। इन दिनों संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। साथ ही राजनीतिक दल इसके जरिए चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। बीते शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा था कि वह दशकों पुरानी डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर कैडर कोर्स की परेड में 115 एनसीओ शामिल हुए

**लखनऊ।** सीनियर कैडर कोर्स-4 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से के तौर पर मंगलवार को लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित की गई जिसमें 115 गैर-कमीशन अधिका. रियों (एनसीओ) ने भाग लिया। मध्य कमान के प्रवक्ता ने बताया कि ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गहन प्रशिक्षण प्राप्त ये सभी अधिकारी आनेवाले समय में उच्च पद ग्रहण करेंगे।

### मणिपुर में पुलिस ने किया तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत मैरी कॉम क्षेत्रीय मुक्केबाजी फाउंडेशन के पास लांगोल गेम विलेज जोन 3 से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के पीआरईपीएके/यूपीपीके के एक कैडर को उसके आवास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक कैडर को उसके आवास से गिरफ्तार किया।

### सुरक्षा बलों ने कश्मीर में तीसरा आईईडी निष्क्रिय किया

**श्रीनगर।** कश्मीर में सुरक्षा बलों ने रविवार से अब तक तीसरा देशी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है और उसे निष्क्रिय कर दिया है। तीसरा आईइडी मंगलवार को शोपियां जिले में बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार शोपियां के हबदीपोरा इलाके में नियमित गश्त के दौरान विस्फोटक उपकरण का पता चला। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि आईइडी का पता लगने के बाद, एक बम निरोधक दस्ते को तुरंत तैनात किया गया, जिसने समय रहते आईईडी को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। पिछले तीन दिनों में कश्मीर में इस तरह की यह तीसरी घटना है।

# नागपुर हिंसा पर विधानसभा के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

महाराष्ट्र में विपक्ष ने मंगलवार को नागपुर हिंसा को लेकर यहां महाराष्ट्र विधान सभा भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं राज्य सरकार में मंत्री नितेश राणे को हटाने की मांग की।

विपक्ष का आरोप है कि राणे ने बयान के कारण शहर में सोमवार को हिंसा भड़की। शहर में उपद्रव के दौरान कल कम से कम 45 वाहनों में तोड़फोड़ की गई। सत्तापक्ष के विभिन्न नेताओं ने नागपुर की घटना की निंदा की है और कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस बीच जिला संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वा. सन दिया और कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी की जा रही है। फडणवीस सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि नाग. पुर में हुई हिंसा के पीछे महा विकास अघाड़ी का हाथ है। विपक्ष के लोग यह दिखाने में लगे हैं कि वे ही मुसलमानों के साथ खड़े हैं, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं है कि मुसलमान ऐसा नहीं चाहते। शिवसेना विधायक मनीषा कायंदे ने नागपुर हिंसा की निंदा की और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हम नागपुर हिंसा की निंदा करते हैं। अफवाह फैलाने वालों को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

**भाजपा के विधायक एवं राज्य सरकार में नितेश राणे को हटाने की मांग**

### कब्र या मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

**लखनऊ।** नागपुर में हुई हिंसक झड़प पर चिंता व्यक्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि महाराष्ट्र में किसी भी कब्र अथवा मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं है और महाराष्ट्र सरकार को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मज़ार आदि को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।

## विपक्ष को भी कुंभ पर बोलने का देते मौका : राहुल-प्रियंका

# सदन में हमें नहीं बोलने देते प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि इस आयोजन से सबकी भावनाएं जुड़ी रही, इसलिए विपक्ष को भी बोलने का मौका देने के साथ ही श्री मोदी को भगदड़ में मारे लोगों को भी श्रद्धांजलि देनी चाहिए थी।

गांधी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से महाकुंभ पर लोकसभा में मोदी के संबोधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात का समर्थन करना चाह रहा था। कुम्भ हमारी संस्कृति है, हमारा इतिहास है, मगर प्रधानमंत्री को भगदड़ के मृतकों को श्रद्धांजलि भी देनी चाहिए थी। हमारी एकमात्र शिकायत यही है कि प्रधानमंत्री ने कुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। महाकुंभ में गए युवा भी श्री मोदी से एक और चीज चाहते हैं, वह है रोजगार। लोकसभा में विपक्ष के नेता संसद में बोलने नहीं दिए जाने संबंधी विपक्ष के आरोप पर कहा कि हां हमें बोलने नहीं दिया जाता है। लोकतांत्रिक ढांचे के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन वे हमें बोलने नहीं देते। यह नया भारत है। वाड्रा ने कहा लोकसभा में विपक्ष को महाकुंभ पर बोलने का मौका नहीं दिए जाने पर निराशा जताते हुए कहा पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के बारे में सकारात्मक तरीके से बात की, लेकिन विपक्ष की भी महाकुंभ के प्रति भावनाएं हैं। विपक्ष की बात सुनने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए थी। मुझे लगता है कि विपक्ष को महाकुंभ पर बोलने के लिए कम से कम दो मिनट का समय दिया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जब बजट सत्र शुरू हुआ तो हम पहले दिन से ही कुंभ पर चर्चा की मांग कर रहे थे, लेकिन चर्चा का मौका नहीं दिया गया और हमारी मांग को नज़रअंदाज़ कर दिया। आज प्रधानमंत्री ने बिना किसी पूर्व सूचना के कुंभ पर बयान दिया, जबकि एक प्रक्रिया है कि सदन को इसके बारे में सूचित किया जाना चाहिए। सदन को सूचित किए बिना अचानक प्रधानमंत्री ने आकर कुंभ के बारे में बयान दिया यह नियमों का उल्लंघन भी है। इसके पीछे क्या गोपनीयता है। विपक्ष के नेता भी इस बारे में अपनी बात कहना चाहते थे। यह सदन की परंपरा है, लेकिन सरकार का व्यवहार पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है।



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्स से मिले कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज यहां भारत यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्स से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच आज सुबह यहां मुलाकात हुई, जिसे दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी ने कहा कि गांधी और लक्सन की यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण है। मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने इस दौरान आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की। यह मुलाकात भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग को बढ़ाने की दिशा में एक कदम हो सकता है।

### हमारी सरकार ने तेलंगाना में आरक्षण बढ़ाने का निभाया वादा: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार ने तेलंगाना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा की 50 प्रतिशत की दीवार को पार कर ऐतिहासिक कम कर दिया है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। राज्य में वैज्ञानिक तरीके से हुई जातिगत गिनती से मिली ओबीसी समुदाय की वास्तविक संख्या स्वीकार की गई और शिक्षा, रोजगार और राजनीति में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में 42 प्रतिशत आरक्षण का बिल पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है, जिसके द्वारा राज्य में आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की दीवार भी गिरा दी गई है। जातिगत सर्वेक्षण के डेटा से हर समुदाय के सामाजिक और आर्थिक हालात का विश्लेषण कर ऐसी नीतियां बनाई जाएंगी जिनसे सबकी बेहतरी सुनिश्चित हो। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए एक इंडिपेंडेंट एक्सपर्ट ग्रुप भी बनाया है। गांधी ने कहा कि मैं लगातार कह रहा हूं कि एक्सरे 'यानी जातिगत जनगणना' से ही पिछड़े और वंचित समुदायों को उनका उचित हक़ मिल सकता है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की जरूरत है। भारत में जाति जनगणना हो कर रहेगी, हम करवाकर रहेंगे।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत शेयर बाजार हुआ गुलजार

**मुंबई, वार्ता**

चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1131.31 अंक अर्थात 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,301.26 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 21 फरवरी को यह 75,311.06 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 325.55 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,834.30 अंक हो गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली



और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे आज बाजार को पंख लग गए। इससे मिडकैप 2.10 प्रतिशत मजबूत होकर 40,189.53 अंक और स्मॉलकैप 2. 73 प्रतिशत की उड़ान भरकर 45,031.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2815 में लिवाली जबकि 1221 में बिकवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 47 कंपनियां हरे जबकि अन्य तीन लाल निशान पर बंद हुईं। विश्लेषकों के अनुसार, चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ते आशावाद और एशियाई बाजारों में मजबूती के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने तेजी के साथ कारोबार किया। हालांकि, अमेरिका में टैरिफ बढ़ोतरी, फेडरल रिजर्व के बुधवार को ब्याज दर पर आने वाले फैसले और मौजूदा भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 439 अंक की तेजी के साथ 74,608.66 अंक पर पहुंच गया लेकिन ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से थोड़ी देर बाद ही 74,480.15 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 75,385.76 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## अर्थ व्यापार

### चांदी पहली बार एक लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत आज यानी, 18 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 253 बढ़कर 88,354 हो गया है। इससे पहले गोल्ड कल 88,101 पर था। वहीं एक किलो चांदी आज 633 महंगी होकर 1,00,400 प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,767 प्रति किलो था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार इस साल सोना 92 हजार तक जा सकता है। 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत- दिल्ली: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,150 रुपए है। मुंबई: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 82,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90,000 रुपए है।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, मीठे के बाजार में स्थिरता

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 91 रिंगिट लुढ़ककर 4603 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट की तेजी के साथ 42.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...**

गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण: 19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण: इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण-19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण- इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे।

**नागपुर में...** है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। जिस जगह बवाल हुआ, वहां वाहनों की पार्किंग थी। बाइक-कार मिलाकर 50 से ज्यादा वाहनों में आग लगाई गई। औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। सीएम ने घायल डीसीपी से वीडियो कॉल पर बात की मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडनवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडनवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की। हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**ताशकंद के...** उत्तराखंड को देश विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श राज्य बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्बेकिस्तान की हस्तशिल्प कलाएं और उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरें हस्तशिल्प, बांस कला और ऊन बुनाई जैसे पारंपरिक शिल्पकारों के बीच आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करती है। यह कार्यक्रम दोनों पक्षों के बीच व्यापार पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने उज्बेकिस्तान के सभी नागरिकों को उत्तराखंड आने और यहां की प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध संस्कृति को अनुभव करने के लिए भी आमंत्रित किया।

### मणिपुर में शांति बहाली को सरकार प्रतिबद्ध:सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और मणिपुर का मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है तथा इसमें सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए। सीतारमण ने सदन में विनियोग विधेयक 2025, विनियोग (संख्या दो) विधेयक 2025, मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 पर सोमवार को हुई चर्चा का मंगलवार को जवाब दिया और संघर्षग्रस्त मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को उचित ठहराते हुए कहा कि बजट का उद्देश्य जातीय संघर्षों से प्रभावित अर्थव्यवस्था की चिंताओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि मणिपुर एक संवेदनशील मुद्दा है और सभी दलों को राज्य में स्थाई शांति लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



18 वां रोज़ा इफ्तार
19 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 06:30
शिया...................... 06:38

19 वां रोज़ा सहरी
20 मार्च गुरूवार
सुन्नी...................... 04:57
शिया...................... 04:53

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# विवाहिता की मौत पर थाने में धरना

## पुलिस पर लचीली कार्रवाई का लगाया आरोप, मांगा दो दिन का समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** फांसी से मौत के मामले में आज मायके वालों ने थाने का घेराव कर पुलिस पर लचीली कार्रवाई का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाएं।

गांव लुहसाना कोतवाली बुढाना निवासी गोपाल की लडकी सारिका की शादी मोनू पुत्र मुकेश निवासी कमालपुर के साथ हुई थी होली के दिन 13 मार्च को सारिका की फांसी के फंदे से मौत हो गई। सूचना पर परिजन कमालपुर आए और हंगामा किया। मृतका सारिका के भाई अंकित की और से पति मोनू जेठ सोनू ससुर मुकेश व जेठानी मोनिका के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया गया। था चार दिन बीतने के बाद पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए आज सैकडो ग्रामीण लुहसाना गांव से ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से थाना शाहपुर पहुंचे और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे सूचना पर थानाध्यक्ष अपने कार्यालय से धरने के बीच पहुंचे और वार्ता की ग्राम लुहसाना के सैनी समाज के लोगों का आरोप था कि पुलिस लचर कार्रवाई कर रही है मुलजिम खुले आम घूम रहे हैं थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा कि पुलिस की दबीशे लगातार जारी है लेकिन मुलजिम पुलिस के हाथ नहीं लग रहे। इस पर सारिका के भाई अंकित ने घोषणा कर दी कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक वह पुलिस के साथ ही रहकर पुलिस की कार्रवाई को देखेगा। इस पर थानाध्यक्ष ने कहा कि दो आदमी उनको दे दिया जाए जो पुलिस को कार्रवाई को देखते रहे इस पर लडकी के भाई और एक उसके साथी को पुलिस के साथ कर दिया पुलिस ने तत्काल गांव कमालपुर में दबीश दी। और आश्वासन दिया कि दो-तीन दिन के अंदर सख्त कार्रवाई कर दी जाएगी। इस पर धरना खत्म हो गया धरने पर सैकडो स्त्री पुरुष बैठे हुए थे थानाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि सारा प्रकरण क्षेत्राधिकारी बुढाना गजेंद्र पाल सिंह के संज्ञान में है।



# नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने मकान पर की अंधाधुंध फायरिंग

- क्षेत्र में दहशत, पुलिस ने कार्रवाई की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** विगत रात्रि आर्यपुरी रोड स्थित एक मकान पर बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए दहशत फैला दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीडित व्यक्ति ने खतौली कोतवाली पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीडित की तहरीर लेकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



खतौली आर्यपुरी रॉड पर विगत सोमवार की देर रात्रि उस समय कालोनी वासियों में दहशत फैल गई जब लोगों ने कई राउंड फायरिंग होने की आवाज सुनी। बता दे कि देर रात आर्यपुरी रॉड निवासी रणधीर नागर पुत्र धनीराम अपने परिवार के साथ अपने मकान में सो रहा था। लगभग 11 बजे उसके मकान के पास बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाश आये जिसमे से दो बदमाशों ने हाथों में तमंचे ले रखे थे जिनमें से एक बदमाश ने उसके मकान के लोह के गेट पर लात मारते हुय मकान के सामने फायर झोंक दिया उसके बाद पीछे खड़े दूसरे बदमाश ने भी दूसरा फायर किया। दो फायर करने के बाद बदमाशो ने भागते समय भी अज्ञात बदमाशों ने तीसरा हवाई फायर झोंक दिया। कालोनी में लगातार कई राउंड फायर होने से कालोनी वासियों और मकान मालिक के परिवार में दहशत फैल गई। बदमाशों के जाने के बाद मकान मालिक ने डरते डरते मकान का गेट खोल कर देखा तो उस समय वहां कोई नही दिखाई दिया। उसके बाद मकान मालिक रणधीर ने मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटरेज चौक तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कैमरे में बदमाश मकान के बहार हवाई फायर करते हुय दहशत फैला रहे थे।

पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँच घटना की जांच पड़ताल कर अज्ञात बदमाशों की तलाश की लेकिन उनका कोई भी सुराग नही लग पाया। मंगलवार की सुबह पीड़ित ने कोतवाली पर पहुँच पुलिस को घटना की तहरीर पुलिस को देते हुय उक्त अज्ञात बदमाशों की तलाश कर कार्रवाई करने की मांग की। इस घटना के बाद आर्यपुरी कालोनी वासियों में दहशत का माहौल बना रहा। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई थी।

# बैंक अधिकारी बनकर खाते से डेढ़ लाख उड़ाए

- कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर ठग ने बैंक अधिकारी बनकर एक युवक से करीब दो लाख की नगदी उसके खाते से उडा दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

खालापार कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सुजडू के कुंगरपट्टी निवासी साकिब ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एक व्यक्ति ने उसको कॉल करते हुए अपने को बैंक अधिकारी बताया। और क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी लेते हुए तरह-तरह के सवाल किए कहा कि यदि किसी तरह की परेशान आ रही हो उसकी समस्या दूर हो जाएगी। क्रेडिट कार्ड का नया पिन बनाने के संबंध में भी पूछा गया कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने लिंग भेजने की बात की।

कुछ ही देर में जब लिंक आया तो उसको क्लीक करते हुए साकिब के खाते से अलग-अलग समय में चार किस्तों में 73,818 और 24,356, 50,156 तथा 1330 रूपये कटने का मैसेज आया। मैसेज के बाद शिकायत कर्ता को ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने इस मामले की तहरीर लेते हुए ठगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



मुजफ्फरनगर: बाईपास भोपा रोड़ पर ट्रांसफार्मर से टकराकर ट्रक में लगती आग।

# हाईटेंशन की लाइन से ट्रक में लगी भयंकर आग

- चालक ने ट्रक से कूदकर बचाई जान, फायर ब्रिगेड मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड स्थित टीपी नगर के पास हाईटेंशन की लाइन से टकराकर ट्रक में भयंकर आग लग गई। चालक ने किसी तरह कूद अपनी जान बचाई और दमकल कर्मियों के आग बुझाने तक ट्रक काफी हद तक जल चुका था।

भोपा रोड पर दोपहर के समय उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब हरिद्वार से मुजफ्फरनगर की ओर आ रहे खाली ट्रक में अचानक आग लग गई। इस समय हाईटेंशन लाइन का करंट ट्रक से टच हुआ और ट्रक ने आग पकड ली। कुछ ही देर में आग ने भंयकर रूप धारण किया। और ट्रक के टायर धूं-धूं कर जलने लगे। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया था जहां चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई।क्षेत्र के लोगों की सूचना पर दमकलकर्मी और स्थानीय चौकी मौके पर पहुंची। काफी देर तक आग बुझाने का प्रयास चलता रहा, लेकिन इस समय तक एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह जल चुका था और टायर राख बन गए थे। कुछ देर बाद यहां पहुंचे ट्रक चालक से पुलिस ने इस मामले की जानकारी ली।

# बाटा शोरूम से चप्पल चोरी करती महिला कैमरे में कैद

**मुजफ्फरनगर।** शहर के शिव चौक पर आबकारी चौकी के निकट बाटा शोरूम है। यहां पर चप्पल चोरी की वारदात करते हुए एक महिला सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे में महिला दो जोडी चप्पल बैग में छिपाती नजर आ रही है और इसके बाद भी उक्त महिला ने एक जोडी चप्पल को अपने कपड़ों में छिपा लिया, यानि के उक्त महिला ने इस दुकान से तीन जोडी चप्पल साफ कर दी।

इतना हीं नही महिला चोरी की चप्पल लेने में भी सफल हो गई। जब चोरी चप्पल होने का शक व्यापारी का हुआ तो उसने कैमरे की सीसीटीवी फुटेज चैक की और इस समय स्पष्ट हुआ कि महिला तीन जोडी चप्पल चोरी कर ले गई।

# अफसरों के साथ डबल इंजन सरकार का निरीक्षण आज

## नगर के विकास कार्यों की हकीकत से उठेगा पर्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लखनऊ से जानकारी देते हुए नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि वे कल प्रात: 9 बजे पालिका अध्यक्ष, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ नगर का भ्रमण करेंगे और जनहित के मुद्दों का संज्ञान लेंगे। मंत्री कपिल देव ने बताया कि विभिन्न विभागों की प्रस्तावित कार्ययोजना का स्थलीय निरीक्षण करने और आगामी कार्यों को मूर्त रूप देकर नगर के चहुंमुखी विकास का खाका खींचने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों का दौरा किया जाएगा। इनमें विश्वकर्मा चौक से जानसठ बस अड्डे व नई मंडी ओवरब्रिज की ओर, अंसारी रोड, अहिल्याबाई चौक, झाँसी रानी चौक, लद्दावाला-रामलीला टीला रोड (नाले की जल निकासी), रूडकी रोड, मेरठ रोड आदि क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि पीडब्ल्यूडी, जल निगम, विद्युत विभाग, डूडा, नगर पालिका, विकास प्राधिकरण और 15वें वित्त के अंतर्गत यहां सडक निर्माण, जल निकासी, पथ प्रकाश, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट वेंडिंग जोन, सौन्दर्यीकरण आदि समस्याओं का मौके पर निरीक्षण कर समाधान कराया जाएगा। जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के उद्देश्य से यह भ्रमण कार्यक्रम रखा गया है। मंत्री कपिल देव ने कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध है।

# सड़क दुर्घटना मे घायल युवक की अस्पताल मे मौत, परिवार में कोहराम

- अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ था हादसा, मृतक चंडीगढ़ के एक अस्पताल में था भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** दुलेहंडी की शाम ककरौली जानसठ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टकक्र से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार खरपोड़ गांव निवासी अनुज प्रजापति की अस्पताल मे उपचार के दौरान मौत हो गयी। मंगलवार को मृतक का शव चंडीगढ़ से गांव लाया गया। व्यक्ति की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खरपोड़ निवासी 27 वर्षीय अनुज पुत्र कर्णपाल प्रजापति मेरठ जनपद के गांव पनवाडी मे अपनी बहन मीनू के घर होली मनाने गया था। शुक्रवार की शाम वह अपने जीजा विक्की के संग बाईक द्वारा घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ककरौली-जानसठ मार्ग पर जटवादा पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को टककर मार दी। तेज टक्कर लगने जीजा साले घायल हो गये घायलो को मुजफ्फरनगर अस्पताल ले जया गया।गंभीर हालत के चलते अनुज को चंडीगढ़ अस्पताल ले गया जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गयी।

मंगलवार को पोस्मार्टम के बाद अनुज के शव को गांव लाया गया। अनुज की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया। अनुज के परिवार मे माता शिमला पत्नी ज्योति दस वर्षीय पुत्र निखिल आठ वर्षीय आयुष व पांच वर्षीय पुत्री लक्ष्मी हैं। भाई विकास, छोटू व बहन मीनू का रोरोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जयसिंह भाटी ने बताया की मामले मे अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# एंबुलेंस चालक ने कई को रौंदा

## भीड़ ने पकड़ कर पीटा, नशे का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कुकड़ा चौराहे पर मंगलवार शाम नशे में एंबुलेंस चालक ने जमकर हंगामा किया। एंबुलेंस ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए वाहन चालकों ने आरोपी एंबुलेंस चालक को पकड़कर उसकी पिटाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया, लेकिन तब तक सड़क पर हंगामा शुरू हो चुका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा कुकड़ा चौराहे पर उस वक्त हुआ, जब एक एंबुलेंस तेज रफ्तार में आई और अनियंत्रित होकर कई वाहनों से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ वाहन एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। चालक की हालत देखकर साफ हो गया कि वह नशे में था। उसकी लापरवाही ने सड़क पर कोहराम मचा दिया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद वाहन चालक और राहगीर भड़क उठे। गुस्से में आए लोगों ने एंबुलेंस चालक को घेर लिया और उस पर थप्पड़ों की बौछार कर दी। चालक को सड़क पर खींचकर उसकी पिटाई शुरू कर दी गई। देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई और हालात बेकाबू होने लगे। लोगों का गुस्सा इस बात पर था कि एक एंबुलेंस चालक, जिससे जान बचाने की उम्मीद की जाती है, नशे में ऐसी हरकत कर रहा था।

हादसे और पिटाई के बाद वाहन चालकों ने सड़क पर हंगामा शुरू कर दिया। क्षतिग्रस्त वाहनों को लेकर लोगों ने चालक और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। सूचना मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने भीड़ को शांत कर स्थिति को नियंत्रण में लाया, लेकिन तब तक चौराहे पर जाम लग चुका था। मंडी कोतवाल का कहना है कि इस मामले की छानबीन की जा रही है।



मुजफ्फरनगर: बसपा की बैठक में बोलते कॉर्डिनेटर बेनिवाल।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान को नहीं लगने देंगे ठेस:बेनिवाल

- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर ने की संगठन की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि बसपा के पुराने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से किसी तरह का समझौता नहीं किया। पार्टी सुप्रीमो ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

मंगलवार को महावीर चौक स्थित बसपा के कार्यालय पर सहारनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक में रणधीर सिंह बेनिवाल, पूर्व पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली, मंडल कोऑर्डिनेटर कमल राज सिंह, कुलदीप बालियान, सरफराज, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली के पदाधिकारी शामिल रहे। बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनिवाल ने कहा कि नेशनल कोऑर्डिनेटर के रूप में जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसका वैसे जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि बहन कुमारी मायावती ने अपने मुख्यमंत्री रहते हुए सभी धर्म और जातियों के लोगों को एक सूत्र में बांधकर उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई। और कार्यकर्ताओं को भी पूरा सम्मान दिया।

# योगी से किया दलितों पर दर्ज 263 मुकदमें वापस लेने का आग्रह



**मुजफ्फरनगर।** कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने आज लखनऊ में विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

उन्होंने 2 अप्रैल 2018 को दलित समाज के द्वारा जन आंदोलन में दलित समाज के व्यक्तियों पर पंजीकृत मुकदमों को सरकार के द्वारा वापस लिए जाने को लेकर वार्ता की, बता दे प्रदेश भर में कुल 263 मुकदमे दर्ज हुए थे। गौरतलब है कि कल सांसद चन्द्रशेखर ने इन मुकदमों का आधार बनाकर योगी सरकार पर दलितों की उपेक्षा का आरोप लगाया था।

# भ्रष्ट दरोगा पर फर्जी मुकदमे मे फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नगला राई निवासी किसान नेता साकिर मुखिया ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है की चरथावल थाना क्षेत्र की हिंडन चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने उसके ताऊ साजिद मुखिया की बैठक पर आकर साजिद से एसपी सिटी के नाम पर पचास हजार रुपए लेकर अपने सहयोगी वकील को दिए और कहा की इन पेसो को अपने खाते मे डालने को कहा और एक लाख रुपए बाद मे देने को दरोगा ने साजिद से कहा और बाकि के पैसे नही देने पर फर्जी मुकदमे मे फसाने की बात दरोगा ने कही वही दरोगा द्वारा एक वक्ती से साठगाठ कर एक फर्जी तहरीर भी दिलवाने का आरोप प्रार्थी द्वारा लगाया गया और फर्जी तहरीर पर जाँच के नाम पर उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया लगा वही किसान नेता द्वारा बैंक डिटेल की छाया प्रति भी शिकायती पत्र के साथ दीं गयी और आरोपी दरोगा के विरुद्ध उत्पीड़न व रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की मामला से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ हे और पुलिस पर इस तरह के आरोप लगने से क्षेत्र मे तरह तरह की चर्चाए व्याप्त हो रही है। सीओ सदर से जानकारी की गयी तो मामले को निराधार बताया।



# औरंगजेब की कब्र तोड़ने वाले को ईनाम की पेशकश

मुजफ्फरनगर। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के नाग. पुर में हुई हिंसा के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर औरंगजेब की कब्र और मुगल शासकों के नाम पर बने स्मारकों को हटाने की मांग उठाई। शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेडा ने एक सनसनीखेज घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति औरंगजेब की कब्र को तोडेगा, उसे पांच बीघा जमीन और 11 लाख रुपये इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की कि नागपुर कांड के दोषियों और औरंगजेब का समर्थन करने वाले सभी लोगों की भारतीय नागरिकता रद्द की जाए।






# डा.मुकेश जैन ने लिया 100 टीबी ग्रसित मरीजों को गोद

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा टीवी उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे 100 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज नगर के वर्धमान हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हढी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश जैन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नूतन जैन के द्वारा 100 टीवी से ग्रसित व्यक्तियों को गोद लिया गया।

डा0 सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा टीबी मरीज के खाते में उनके पोशण को और अधिक बेहतर बनाने हेतु इलाज के दौरान तीन-तीन हजार रुपये दो किष्तों में दिये जाते हैं। इसी के क्रम में सभागार में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों, एनजीओ संस्थाओं, ग्राम प्रधानों, से अपील है कि वह स्वयं निक्षय मित्र बनें और समाज में अपने स्तर से भी नि:क्षय मित्र बनवाकर योजना में सक्रिय रूप से भाग लें और टीबी रोगियों की इलाज में सफल होने में सहायता करें।

उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र के रूप में सरकारी और गैर.सरकारी संस्थाएं, व्यक्ति, टीबी रोगियों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य, पोषण में योगदान कर सकता हैं।डा0 लोकेष चन्द्र गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में वर्श 2024 में कुल 9428 टीबी के मरीज खोजे गये। जिनमें से 314 एमडीआर टीबी के रोगी चिन्हित हुये। उन्होंने बताया कि वर्तमान में टीबी कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देष्य टीबी के छुपे हुये रोगियों को खोजना, टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना तथा टीबी से नए व्यक्तियों को संक्रमित न होने देना है। जनपद में जोखिम वाली जनसंख्या जिसमें 60



वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी रोगी के साथ रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज, एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति तथा नशा करने वाले व्यक्ति आदि की टीबी स्क्रीनिंग और परीक्षण किया जा रहा है। 100 डे अभियान में अभी तक 2306 सामान्य टीबी तथा 49 एमडीआर टीबी के मरीज खोजे जा चुके है, जिनमें से 915 नि:क्षय मित्रें द्वारा 1219 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है।

# 18 वर्ष से अधिक के युवाओं को फिर मिलेगा मतदाता बनने का मौका

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि समस्त अर्ह नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीख्रत हो जायें एवं निर्वाचक नामावली में दर्ज नाम, पता, आयु एवं अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को दूर किया जाये।

इस महत्वपूर्ण कार्य में राजनैतिक दलों के सहयोग की आवश्यकता है।समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से जनपद के समस्त बूथों पर अपने राजनैतिक दल के बूथलेबिल एजेण्ट द्धबी0एल0ए0ऋ बनाये जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसा मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त निरन्तर पुनरीक्षण-2025 का कार्य प्रगति पर है जिसके अन्तर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं संशोधित कराये जाने की कार्रवाई की जा रही है।बैठक में जानकारी दी गयी कि मतदाता सूची, मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों के परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि कोई सुझाव हो तो उसे जिला निर्वाचन कार्यालय या सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2025, 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 व 01 अक्टूबर 2025 की अर्हता तिथि के अनुसार जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है या करने वाला है वह पात्र व्यक्ति फार्म-6 के माध्यम से आवेदन कर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकता है। समस्त फार्म-6, 7 व 8 को आनलाइन टवजमते.मबप.हवअ.पद चवतजंस - टवजमत ीमसचसपदम ंचच एवं आफलाइन बी0एल0ओ के माध्यम भरवाया जा सकता है। राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा पुनरीक्षण के कार्य में उनका सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु आयोग द्वारा बूथ लेविल ऐजेन्ट्स की व्यवस्था बनायी गयी है ताकि उन्हें जनता तथा बीएलओ को सहयोग करने का पूरा मौका मिल सके।

बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रति. निधियों से अपील की गयी कि वे अपने बीएलए की सूची निर्वाचन कार्यालय में अनिवार्य रुप से उपलब्ध करा दें तथा बीएलए 18 से 19 आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं व महिला मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने हेतु सहयोग करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन /उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र बहादुर सिंह,नगर मजिस्ट्रेट श्री विकास कश्यप, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# एफबीओ को खाद्य लाइसेंस पंजीकरण प्रदर्शित करने के निर्देश

**बुढ़ाना।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त खाद्ध्य श्रीमती अर्चना धीरान के दिशा निर्देशन में आज मंगलवार के दिन खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी द्वारा बुढाना कस्बे मे एफएसडब्ल्यू जागरूकता, प्रशिक्षण और निगरानी अभियान चलाया गया। जिसके अतंर्गत कुल संग्रहित किये गये नमूनों की संख्या 06 है तथा एनसी नमूनों की संख्या शून्य थी और साथ ही प्रशिक्षण रिपोर्टॉ समेकित रिपोर्ट और व्यक्तिगत नमूना रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इसी क्रम मे किये जागरूकता की संख्याॉ प्रशिक्षण की संख्या व फूड बिजनेस आपरेटर की संख्या क्रमश: 01ॉ 01 व 27 रही इसके अतिरिक्त अधिकारियो द्वारा की गयी कार्यवाही निम्न रही। जिसमें फूड बिजनेस आपरेटर को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण लाइसेंस वाले खाद्य सामग्री का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। फूड बिजनेस आपरेटर को निर्देश दिया गया कि वे भोजन में सिंथेटिक रंगों का उपयोग न करें। फूड बिजनेस आपरेटर को निर्देश दिया गया कि वे अनुसूची आईवी के अनुसार रसोई और भोजन तैयार करने वाले क्षेत्र की साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखें। फूड बिजनेस आपरेटर को निर्देश दिया गया कि वे सिर पर टोपी, चेहरे पर मास्क, एप्रन व हाथ के दस्ताने आदि का उपयोग करें। फूड बिजनेस आपरेटर को निर्देश दिया गया कि वे सब पंक्तियों व तैयार खाद्य पदार्थों को ढककर रखें। फूड बिजनेस आपरेटर को निर्देश दिया गया वे खाद्य लाइसेंस पंजीकरण प्रदर्शित करें।

# हनुमान भगवतभक्ति का आदर्श हैं : अरविंद जी महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास अरविंद जी महाराज ने ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र इत्यादि का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि बालक के जीवन के प्रथम रक्षक माता-पिता होते हैं, माता-पिता को बालक के लिए हास परिहास में भी अशुभ की कल्पना भी नहीं करनी चाहिए,बालक जीवन भर यशस्वी होने के बाद भी अशुभता को ही झेलता रहता है, ध्रुव के चरित्र को बताते हुए ने कहा कि जीवन में मान अपमान में सम रहना चाहिए, जीवन में यदि ध्रुव की माता सुनीति जैसा मार्गदर्शन मिल जाए तो फिर जीवन सहज हो जाता है। हनुमान चालीसा पर बोलते हुए महाराज श्री ने कहा कि भक्ति करनी है तो प्रभु हनुमान जी से सीखो सर्वगुण संपन्न होने के बाद भी समर्पण भक्ति का मुख्य भाग है, प्रभु राम के प्रति हनुमान की भक्ति सदैव अनुकरणीय है। नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र से



भगवत कृपा कैसे प्राप्त की जा सकती है यह प्रहलाद की कथा से सीखा जा सकता है, जगह जगह भटकने से अच्छा है किसी एक गुरु के सानिध्य में रहकर अपनी अपनी सभी मनोकामनाएं पूर्ण कर मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है करें।कथा के मुख्य यजमान साधना तायल,अजय तायल एवं विनोद सिंघल ने सपत्नी व्यास पीठ का पूजन किया। कथा में आरती के समय मुख्य रूप से महामृत्युजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर,वरिष्ठ समाजस. ेवी भीमसेन कंसल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सत्य प्रकाश मित्तल,अजय तायल, शिव चरण गर्ग, विनोद सिंघल, श्री मोहन तायल, मित्र सैन अग्रवाल ,वेद प्रकाश संगल, तेजराज गुप्ता, राकेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंहल, योगेश सिंघल( भगत जी), कुलदीप मित्तल, हरि शर्मा,पंडित जनार्दन शर्मा , पंडित ब्रह्मप्रकाश शर्मा, मुकेश गोयल,रोशन लाल गर्ग, रचित सिंघल, राजीव गर्ग (गणेशडेयरी), रविन्द्र (एंड),संजय गुप्ता,अशोक तायल वही कथा महिला मंडल में मुख्य रूप से साधना तायल, अंजू अग्रवाल, लतिका गोयल, अलका सिंगल, मयूरी स्वरूप, साधना गोयल, अनीता मित्तल, रेखा मित्तल, सुधा कुचल, नीता बंसल इत्यादि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर के पहिये से टाइल्स टूटने पर विवाद मारपिटाई में बदला

**छपार।** ट्रैक्टर से खेत जोत कर वापस घर लौट रहे ट्रैक्टर का पहिया गली की नारी में गिर गया जिससे पीछे बंधे रेजर के लगने मकान पर लगी टाइल्स टूटने पर मकान मालिक व परिजनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने चार हमलावरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। गांव बरला निवासी रियासत मंगलवार को दोपहर के समय ट्रेक्टर से अपना खेत जोतकर वापस लौट रहा था। गली में खुर्शीद के मकान के पास नाली में बड़ा ग्गा है उसमें ट्रेक्टर का पहिया गिर गया जिससे पीछे बंधा रेजर दीवार में लगने से टाइल्स टूट गई जिसपर खुर्शीद ने गाली गलौज किया विरोध करने पर उसने अपने पुत्र साबिर, डाक्टर यासीन,नासिर के साथ मिलकर रात घुसो से मारपीट की वह बड़ी मुश्किल से जान बचा कर भाग निकला। पीड़ित ने चारों आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

# महिलाओं में हुई जोरदार मारपीट

**छपार।** किसी पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं में झगडा हो गया। दोनों पक्षों जमकर मारपीट हुई। दोनों ओर से तहरीर आने पर पुलिस ने चार महिलाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

गांव सिसोना में पुरानी रंजिश के चलते महिलाएं आपस में भीड़ गई दोनों ओर से खुब मारपीट हुई ओर दोनों ओर से महिलाओं ने थाने में तहरीर दी। पुलिस चार महिलाओं का शांतिभंग करने के आरोप में चालान कर एसडीएम सदर कोर्ट में पेश किया है।

### सार्वजनिक सूचना

पहले मेरा नाम नसीम ( NASIM)था अब मैंने अपना नाम बदलकर नसीम अहमद (NASIM AHMAD) रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम नसीम अहमद (NASIM AHMAD) से ही जाना व पहचाना जाए।

**पता।**
**नसीम अहमद पुत्र अफजाल**
**ग्राम पिमोड़ा**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**उत्तर प्रदेश**
**पिन 251314**

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9937 6/09/2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम पृथ्वी सिंह अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पवित कुमार**
**ग्राम-बेहडा थ्रू**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

### सम्बंध विच्छेद

हम राकेश कुमार पुत्र कुन्दन व मुकेश देवी पत्नि राकेश कुमार निवासीगण मौहम्मदपुर रायसिंह थाना भौरांकला जिला मु.नगर के निवासी हैं। हमारा सबसे छोटा पुत्र रोहित पुत्र राकेश कुमार चालाक किस्म का है। जिसका उठना बैठना गलत लोगों मे है और नशा करता है। वह हमारे साथ अक्सर मारपीट करता है। अत: आज दिनांक 17 मार्च सन् 2025 से हम अपने पुत्र रोहित पुत्र राकेश कुमार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। अब हमारा रोहित से कोई वास्ता नही है। भविष्य में उसके विरुद्ध कोई मुकदमा दर्ज होता है या वो कोई गलत कार्य करता है तो वह खुद जिम्मेदार होगा। हमारी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी: राकेश कुमार पुत्र कुन्दन व मुकेश देवी पत्नि राकेश कुमार निवासीगण मौहम्मदपुर रायसिंह थाना भौरांकला जिला मु.नगर, यूपी।**

# मूर्ति अनावरण के नाम पर ठगे गये किसान ?...

# गजब: जौला नहर का पानी रातोरात हुआ गायब

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के दर्जनों गांवों के सैंकड़ों किसानों को जिस बात का डर था वही हुआ। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के अनावरण से ठीक तीन दिन जौला नहर में छोडा गया पानी रातों रात गायब हो गया। नहर के पानी को जमीन पी गयी या फिर आसमान निगल गया इस बात के चटखारे ग्रामीण ले रहे हैं और वो उस घड़ी को भी कोस रहे हैं जिस घड़ी में वे रालोद की रैली में गये थे। जौला यूथ क्लब के पदाधिकारी आज मंगलवार के दिन नहर का जायजा लेने गये थे लेकिन नहर में पानी ना देखकर उनको काफी आश्चर्य हुआ। नहर पूरी तरह से सूखा थी। अब वे नहर के गायब पानी की बरामदगी की मांग पुलिस से करेंगे ऐसा बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र में बरसों से सूखी पडी जौला नहर में बीती 06 मार्च को सिंचाई विभाग द्वारा इसलिए पानी लाया गया था क्योंकि दो दिन बात 08 मार्च को यहीं पर स्थित देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण होना था। इस अनावरण समारोह में केंद्रीय और यूपी के मंत्री आने वाले थे तो सांची विभाग ने मंत्रियों की फटकार से बचने के लिए ही शहर में पानी छोड़ा था ताकि किसान खुले मंच से शिकायत ना कर दें लेकिन नहर में पानी आने के दौरान भी किसानों द्वारा यह भी कयास लगा लिए गये थे कि देख लेना जैसे ही मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का समापन होगा उसके ठीक एक दो दिन बाद नहर का पानी रोक लिया जाएगा और हुआ भी यही। ग्रामीण अब कह रहे हैं कि उनको चौधरी साहब की प्रतिमा अनावरण में भीड़ जुटाने के लिए सिर्फ इस्तेमाल किया गया था। जिसमें उनको ठगा गया है। इस मामले में जौला यूथ क्लब के पदाधिकारी नहर में पानी ना होने से बहुत ही खफा हैं।

## अब क्या करे किसान जब पानी ही नहीं है....

**बुढ़ाना।** जौला नहर क्षेत्र में दर्जनों गांव हैं। जिनमें सैंकड़ों किसान नहर के पानी के उपर अपनी खेती के लिए निर्भर हैं। अब गेहूं की फसल की अंतिम सिंचाई होनी है। जिन किसानों के पास सिंचाई की निजी व्यवस्था है वे किसान अंतिम सिंचाई करने भी लगे हैं जबकि नहर के पानी पर निर्भर किसान हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि नहर में पानी नहीं आ रहा है। समय पर फसल की सिंचाई न होने से किसानों को पैदावार गिरने का डर है। अब किसान पानी कहां से लाए इसको लेकर किसान परेशान है। इन दिनों जौला नहर क्षेत्र में गेहूं की फसल काफी हरी है और फसल पकने में 20 दिन का वक्त लगेगा। इसलिए इन किसानों को पानी की बेहद आवश्यकता है लेकिन यहां की नहर ही खाली पड़ी है। जब नहर में पानी आएगा तब ही माइनरों और गूल में पानी पहुंचना शुरु होगा।

## सिंचाई न होने से पैदावार पर बुरा असर.....

**बुढ़ाना।** गेहूं की फसल में समय पर सिंचाई की बेहद आवश्यक होती है। खासकर अंतिम सिंचाई। यह पानी तब दिया जाता है जब गेहूं की फसल में बालियां निकल आती हैं और फसल फूलने लगती है। इसके बाद अंतिम सिंचाई यानि आखरी पानी दिया जाता है। इसी पानी के बाद फसल का दाना अच्छा चमकीला और मजबूत होता है। फिर फसल पकने पर कटने की तैयारी हो जाती है। यहां पर गेहूं की फसल ईद के कुछ ही दिनों के बाद कटना शुरू हो जाएगी। वर्तमान में फसलें हरी हैं और बालियां निकल रही हैं। इसलिए पानी की बेहद आवश्यकता है। अब पानी देने का मौका है और यह मौका चूक गया तो फसल की पैदावार पर असर पड़ेगा। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी से बात की गयी तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि मौके पर अधिकारी भेजकर चेक करायेंगे कि वहां पानी है या नहीं। फिलहाल नहर में पानी है।

# निक्षय पोषण पोटली का वितरण किया



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया के आदेशों तथा जिला क्षय रोग अधिकारी महोदय डॉ लोकेश गुप्ता के दिशानिर्देशन में मंगलवार को सीएचसी खतौली परिसर में सिवाया टोल प्लाजा की एनजीओ क्यूब रूट फाउंडेशन के तत्वाधान में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में टीबी ग्रसित मरीजों को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय पोषण पोटली का वितरण किया गया। 35 मरीजों को प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री का वितरण किया गया तथा टीबी रोगियों को उपचार और पोषक आहार संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया ।क्यूब रूट फाउंडेशन से डिप्टी प्रोजेक्ट हेड सुहैब तथा अश्वनी उपस्थित रहे और स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम जावेद, एसटीएलएस संजय, टीबीएचवी शांतनु, प्रोवाइडर जोशी आदि उपस्थित रहे ।

### सम्बंध विच्छेद

मैं गुलजार पुत्र रोशन मंसूरी निवासी गंगा आर्य नर जलालाबाद जिला शामली यूपी का निवासी हूं। मेरे मंझले पुत्र गुलनवाज ने मौहल्ले की एक युवती से अवैध रुप से शादी कर ली थी। अब वो उसे लेकर मेरे घर में रह रहा है। तब से में गुलनवाज व उसकी पत्नि इरफाना से तंग हूं। गुलनवाज व उसकी पत्नि मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। वे ग़लत जगह बैठते हैं। दोनों को उसने खूब समझाया पर वे उसके संग गाली गलौच करते हैं। इसलिए में अपने पुत्र गुलनवाज व उसकी पत्नि इरफाना को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा दोनों से कोई वास्ता नहीं है। किसी भी गलत कृत्य के वे खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी: गुलजार पुत्र रोशन मंसूरी, निवासी गंगा आर्य नगर, जलालाबाद, जिला शामली, यूपी।**

# महर्षि कश्यप एकता संगठन का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** मंगलवार को बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बड़ौदा में महर्षि कश्यप एकता संगठन के तत्वाधान में एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से नौमान कश्यप उर्फ रविंद्र को बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष, बड़ौदा गांव अध्यक्ष डॉक्टर संजीव कश्यप, अमित कश्यप को गांव मीडिया प्रभारी, कपिल कश्यप को शहर सचिव, प्रभात कश्यप को ग्राम मंत्री और वंशज कश्यप को महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया और उनके साथ गांव में महर्षि कश्यप एकता संगठन की 25 आदमी की टीम गठित की गई। महर्षि कश्यप की समस्त टीम कश्यप समाज के हर दुख में 24 घंटे खड़ी होकर मदद करेगी। हर साल 20 मार्च को और 05 अप्रैल को महर्षि कश्यप जी की जयंती मनाई जाती है। 5 अप्रैल की छुटी करने के लिए बुढाना तहसील में एसडीएम के द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। मीटिंग में कश्यप समाज से बुढ़ाना खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, लोकेंद्र कश्यप कोषाध्यक्ष महर्षि कश्यप एकता संगठन, ;षिपाल कश्यप, सोनू कश्यप, ओमपाल कश्यप, कुलदीप कश्यप, भारत कश्यप, मिंटू कश्यप, राजवीर कश्यप, अरविंद कश्यप, ख्रष्णपाल कश्यप, प्रभात कश्यप, आर्य कश्यप, रोशन लाल कश्यप और मोनू कश्यप सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जिलाध्यक्ष को पिछड़ा व वंचित समाज सेवा समिति ने दी बधाई

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सुधीर सैनी पर अपना भरोसा जताया है। पार्टी ने उन्हें लगातार तीसरी बार मुजफ्फरनगर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला भाजपा के संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भाजपा के इस फैसले से साफ है कि पार्टी खतौली विधान सभा में अपनी पकड़ को ओर मजबूत बनाए रखना चाहती है। सुधीर सैनी की अगुवाई में बीजेपी ने पिछले चुनावों में जिले में शानदार प्रदर्शन किया था, और पार्टी को भरोसा है कि उनकी नेतृत्व क्षमता आगे भी इसी तरह पार्टी को मजबूत बनाएगी।

तीसरी बार भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर सुधीर सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर 2025 के चुनाव में भाजपा को जिले में और मजबूत करने का लक्ष्य रहेगा।

सुधीर सैनी की नियुक्ति से यह साफ हो गया है कि भाजपा आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए अनुभवी नेतृत्व पर दांव लगा रही है। उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी को जिले में संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के बीच अच्छा तालमेल देखने को मिला है। वही सुधीर सैनी की नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पिछड़ा एवं वंचित समाज सेवी समिति के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त



उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। वही मंगलवार को पिछड़ा व वंचित समाज सेवा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश सैनी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष रविकांत, बाबूराम सैनी, विजयपाल, नरेश कश्यप, निर्मल सैनी प्रधान, सुनील सैनी आदि ने जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी के निवास स्थान पर पहुँचे जहां उन्होंने सुधीर सैनी को बुके और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

### सम्मन

सम्मन वास्ते करारवाद, उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5), न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी बुढाना, मु.नगर, वाद सं. टी 202509550300195, सन 2024 किरसपाल आदि, बनाम, जगपाल सिंह आदि, किरसपाल पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गढ़मलपुर परगना व तहसील बुढाना जिला, मु.नगर, प्रार्थी/वादी, बनाम: 1. जगपाल सिंह पुत्र किशन सिंह, 2. सचिन कुमार पुत्र जगपाल सिंह, 3. हरपाल सिंह पुत्र किशन सिंह, 4. मोहित पुत्र सुनील कुमार, 5. श्रीमति राजेश देवी पत्नी सुनील कुमार, 6. ओमवती पत्नी सोहनवीर, 7. श्रीमति सोहनवीरी पत्नी राजवीर सिंह, 8. ग्राम पंचायत/ग्राम सभा गढ़मलपुर द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत/ग्राम सभा गढ़मलपुर परगना व तहसील बुढाना जिला मु.नगर निवासीगण ग्राम गढमलपुर परगना व तहसील बुढ़ाना जिला मु.नगर, प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा 116 उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय संहिता 2006 मौजा गढमलपुर, में दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है, आप बतारीख के जो 03 माह 04 सन् 2025 ई. वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमें हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जबाबदेही दावा करें और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जबाबदेही की ताईद से इस्तेमाल करना चहाते हो पेश करे, अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर मसमूह फैसला होगा। वरक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 03 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी बुढाना (मु.नगर)

### समन

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन (आदेश 5 नियम । कोट नं0-3 न्यायालय श्रीमान ए. डी. जे.(एफ.टी.सी.) तृतीय, मुजफ्फरनगर। क्रिमिनल रिवीजन सं. 120 सन 2023 श्रीमति सुमन शर्मा पत्नी अनील शर्मा निवासी 108/3 निकट शनि मन्दिर शिव नगर सुभाषनगर, थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर।.....वादिया

बनाम 1- पुनीत कुमार शर्मा पुत्र सुदेशपाल 2-दीपा शर्मा पत्नी पुनीत कुमार शर्मा निवासीगण गली नं0-14 शिवनगर सुभाष नगर (सरवट) थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर।..प्रतिवादीगण धारा 397 सी.आर.पी.सी. थाना-नई मण्डी। आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्व क्रिमिनल रिवीजन सं0 397 सी.आर.पी.सी. का वाद माननीय न्यायालय में योजित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त बाद का उत्तर पत्र प्रस्तुत करने के लिये उपस्थित होने के लिये दिनांक 21 माह 03 सन 2025 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता हैं। आप नियत दिनांक को न्यायालय में या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते हैं, इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिये जो तिथि नियत की गयी है वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत हैं। इसलिये आपको उसी दिन अपने साक्ष्यो व सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहता है। आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नही होगें तो उस दिशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुणदोष पर किया जायेगा।आज दिनांक 18 माह 3 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा (मोहर) सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया है।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/न्यायाधीश**

# रोटरी के शिविर में नेताओं ने भी किया रक्तदान

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब की युवा शाखा रोट्रैक्ट क्लब मुजफ्फरनगर संयम द्वारा नगर के प्रतिष्ठित सर्विस क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दुर्गा चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए समाज के अनेक लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान करके अनेक जिंदगियों के लिए एक मिसाल कायम की।

क्लब अध्यक्ष लक्ष्य गर्ग द्वारा बताया गया कि रोटरी इंटरनेशनल की युवा शाखा रोट्रेक्ट क्लब अनेक वर्षों बाद पुन: मुजफ्फरनगर में सक्रिय हुई है एवं निरंतर युवा वर्ग को साथ लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही है। इसी के अंतर्गत इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय मित्तल, विशिष्ट अतिथि यश गोयल, सर्विस क्लब से अमित गर्ग जी एवं पंकज अग्रवाल जी का विशेष सहयोग रहा जिसके कारण यह



कार्यक्रम सफल हो पाया। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने कहा की ब्लड डोनेट करना बहुत ही पुण्य का कार्य है आपके द्वारा दिए गए ब्लड से अनेक रोगियों की सेवाएं हो सकेंगे इस महान कार्य के लिए क्लब के सभी सदस्यों की बुरी बुरी प्रशंसा की और कहां की आगे भी इसी प्रकार के समाज सेवा के कार्य आप लोग करते रहे रोटरी क्लब से अरविंद गर्ग, अनिल प्रकाश, नीरज बंसल,मनीष मित्तल एवं रजत राठी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त क्लब अध्यक्ष लक्ष्य गर्ग,सचिव यश गोयल, कोषाध्यक्ष चिन्मय गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक शिवांश गर्ग और प्रणव सिंघल सहित सभी क्लब सदस्यों द्वारा भरपूर सहयोग करके कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# शिक्षक संकुल गोष्ठी का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में सभी एनपीआरसी में शिक्षक संकुल गोष्ठी का आयोजन शासन के एजेंडे के अनुसार किया गया। जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय से सभी शिक्षकों, शिक्षा मित्रो और अनुदेशकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षक संकुल बैठक में एआरपी एवं शिक्षक संकुल के द्वारा शासन के द्वारा भेजे गए शासन आदेश को समझाया गया तथा जो भी शासन के द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं उन पर विस्तार से चर्चा की गई। एनपीआरसी हुसैनपुर कलां की बैठक कंपोजिट विद्यालय बवाना में शासन के आदेशानुसार आयोजित की गयी जिसमें न्याय पंचायत हुसैनपुर कलां मे एआरपी अमीर अहमद, संकुल शिक्षक, प्रधानाध्यापक, इंचार्ज अध्यापक, सहायक



अध्यापक, शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मीटिंग का आयोजन शासन द्वारा जारी एजेंडे के अनुसार किया गया। इस मीटिंग में मुख्य रूप से मोहम्मद सलीम, शौकीन अली, राम भजन, सुक्रम पाल, प्रवेश कुमार, राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, उर्मिला देवी, सुचित्रा, मीनाक्षी, अमनदीप कौर, विनीता मलिक, यामिनी अरोड़ा, अर्चना ,अंजू , रश्मि, अंजलि व मीनाक्षी सचिन कुमार आदि ने प्रतिभाग किया। मीटिंग शासन के निर्धारित एजेंडे के अनुसार पूर्ण हुई।

# किसान के घेर से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी होने से ग्रामीण हैरान

■ बसेड़ा निवासी पप्पू ने पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** दिनदहाड़े किसान के घेर में खड़ा ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गया। काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला तो किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चौकी में तहरीर दी है।

गांव बसेड़ा निवासी किसान पप्पू ने तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को सुबह साढ़े छह बजे वह अपने परिजनों के साथ जंगल में कार्य करने गया था ओर घेर में उसका आयसर ट्रैक्टर ट्राली खड़ा था जब वह वापस घेर में आया तो ट्रैक्टर ट्राली नहीं था उसने पड़ोसियों से पूछताछ की ओर काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। किसान ने ट्रैक्टर ट्राली की कीमत दो लाख रुपए बताई है। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है। किसानों के एक दर्जन से अधिक बिजली की टयूवैलों से मोटर व अन्य सामान चोरी हो चुके हैं अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका। ग्रामीणों में उक्त चोरियों से भर का वातावरण व्याप्त है।

## गर्दन कटी गाय का शव मिलने से ग्रामीणों में रोष

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित जौला नहर में कुछ ग्रामीणों ने एक गाय के सडे गले शव को देखा तो उनमें आक्रोश फैल गया। गाय की गर्दन गायब थी। मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर गाय के शव को गहरे ग्ग में दबवाकर गाय का वधघ करने वाले लोगों की तलाश शुरु कर दी। मिली जानक. री के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला में स्थित सूखी नहर के अन्दर खेत पर आते ग्रामीणों ने मंगलवार के दिन एक गाय का शव क्षत विक्षिप्त हालत में देखा। शव के गर्दन नहीं थी। गर्दन गायब थी। तब मौके पर सैंकड़ों ग्रामीणों की भीड़ इकठा हो गयी और उनमें पूरा आक्रोश फैल गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि अज्ञात लोगों ने गाय को मारकर उसकी गर्दन अपने कब्जे में कर किसी के आने पर वे फरार हो गये या फिर माहौल खराब करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। सिर विहीन गाय का शव मिलने की सूचना पर मौके पर गढी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी भी पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर गाय के शव को जेसीबी मशीन से ग्ग्ग खुदवाकर दबवा दिया। पुलिस ने गाय के सिर की भी तलाश की लेकिन सिर बरामद नहीं हो सका। मौके पर मौजूद मिले गौ रक्षक छोटा सैनी ने बुढ़ाना पुलिस से अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बबरे वाली माता पर निकलने वाली झंडा यात्रा की तैयारी तेज

■ 19 मार्च को निकाली जायेगी झंडा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर पर लगने वाले साप्ताहिक मेले को विधि विधान से आयोजित करने के लिए मंदिर प्रबंध समिति की एक बैठक का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया जिसमें 19 मार्च को निकलने वाली झंडा यात्रा पर विचार विमर्श किया गया।



उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर द्धबबरे वालीॠ पर एक सप्ताह के लिए लगने वाले मेले के लिए निकलने वाली झंडा यात्रा के लिए मंदिर परिसर में प्रबंध समिति के मंत्री अनिरूद्ध शारदा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तय किया गया कि मेले में सभी यात्रियों की सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाये, मेले में आने वाले लोगो को रहने, पानी व बिजली की सुविधा लगातार मुहैया करायी जाये तथा 19 मार्च को निकलने वाली झंडा यात्रा में बैंड बाजे व डीजे आदि को शामिल करते हुए यात्रा को भव्य रूप में निकाला जाये। शीतला माता पर प्रसाद चढाने का आयोजन 21 व 22 मार्च को होगा। बैठक में मा. चन्द्रपाल सिंह, नितिन शर्मा, विकास को. शिक उर्फ मंटू अध्यक्ष ब्राहमण सभा, संजय माहेश्वरी, पंकज ठाकुर, प्रखर माहेश्वरी, अभिषेक शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# डेटा साईंस और मशीन लर्निंग कार्यशाला से लाभान्वित हुए विद्यार्थी

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीसीए विभाग में आईक्यूएसी के अंतर्गत डेटा साइंस और मशीन लर्निंग विषय पर एक विशेष कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि वर्तमान डेटा साइंस और मशीन लर्निंग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इन तकनीकों के माध्यम से बड़ी मात्रा में डेटा का विश्लेषण कर उपयोगी जानकारी निकाली जा सकती है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों का उपयोग विभिन्न उद्योगों में और अधिक बढ़ेगा, जिससे छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने बताया कि डेटा साइंस के अंतर्गत सांख्यिकी, गणित, कंप्यूटर विज्ञान और डोमेन नॉलेज का समावेश होता है, जिससे डेटा का विश्लेषण करके व्यावसायिक निर्णय लिए जाते हैं। वहीं, मशीन लर्निंग के अंतर्गत कंप्यूटर को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वह बिना किसी स्पष्ट प्रोग्रामिंग निर्देशों के डेटा से सीख सके और उचित भविष्यवाणी कर सके। उन्होंने इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक चंदना दीक्षित ने मशीन लर्निंग के प्रकार जैसे सुपरवाइज्ड, अनसुपरवाइज्ड और रिइन्फोर्समेंट लर्निंग के बारे में जानकारी देते हुए वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत किए। कहा कि आने वाले समय में, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग का प्रभाव और भी बढ़ेगा, जिससे स्मार्ट शहरों, प्वज, रोबोटिक्स और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों को और उन्नत बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में बीसीए एवं बी.एससी (कंप्यूटर साइंस) विभाग के सभी संकाय सदस्य रोबिन गर्ग, वैभव वत्स, अनुज गोयल, हर्षिता, हिमांशु, हर्षित, देवेश भारद्वाज,श्वेता, राहुल, रोबिन मलिक एवं निरंकार उपस्थित रहे।

## मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग के ट्रायल में शामिल हुए 192 क्रिकेटर

**मुजफ्फरनगर।** पहली मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग एम पी एल टी 20 के लिए आज स्पोर्ट्स स्टेडियम में 192 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया।अब दो दिन के अंदर चयनकर्ताओं द्वारा चुने गए खिलाड़ियों की घोषणा एम सी ए करेगी।जिसके बाद सभी 8 टीम एक ड्रा के माध्यम से अपनी अपनी टीम बनाएगी।स्टेडियम में चयनकर्ताओं विकास राठी,रोहन त्यागी और मोहमद अतीक ने सभी पंजीकृत खिलाड़ियों की बल्लेबाजी ,गेंदबाजी और विकेट कीपिंग को बारीकी से परखा। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि बल्लेबाजी में 98 और गेंदबाजी में 94 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। एसोसिएशन के चेयरमैन भीम कंसल ,अध्यक्ष भूपेंद्र यादव,कोषाध्यक्ष संजय शर्मा,ओमदेव सिंह ,रोहित चौधरी, अरविंद भारद्वाज, अजय जैन ,भूपेंद्र यादव खेल अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# आरपीएस ग्रुप नें समझाये उद्यमियों को निवेश के फायदे

**मुज़फ्फरनगर!** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर द्वारा एक महत्वपूर्ण जनरल मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य विषय ष्अपने धन को कैसे और कहाँ निवेश करें, जिससे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो था।

बैठक में मुख्य वक्ता अशोक भारद्वाज, सौरभ चड्ढा, और राजीव मेहता ने निवेश के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की।आरपीएस ग्रुप के चैनल पार्टनर अशोक भारद्वाज ने रियल एस्टेट निवेश के बारे में बताया कि न्यू गोवा जैसे प्रोजेक्ट में निवेश करने से दीर्घकालिक और स्थिर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। सौरभ चड्ढा,ने उद्यमियों को आधु. निक निवेश योजनाओं, सुरक्षित निवेश रणनीतियों और रियल एस्टेट सेक्टर में अवसरों के बारे में जागरूक किया।

म्यूचुअल फंड विशेषज्ञ राजीव मेहता ने बताया कि किस प्रकार म्यूचुअल फंड में निवेश कर उद्यमी



अपने धन को सुरक्षित रखते हुए उच्च लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के म्यूचुअल फंड्स और उनके फायदों के बारे में विस्तार से चर्चा की ओर सभी के प्रश्नों का उतर दिया।

चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष अनुज स्वरुप बंसल, प्रमुख उधमी अभिषेक अग्रवाल यंग टीम लीडर अमन गुप्ता ओर राहुल मित्तल का सम्मान आरपीएस ग्रुप के द्वारा किया गया!पूर्व चेयरमैन नवीन अग्रवाल, विपुल भटनागर, नवीन जैन, वाइस चेयरमैन मनीष भाटिया, सुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनुज स्वरूप बंसल ने सौरभ चड्ढा, अशोक भारद्वाज और राजीव मेहता को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन आईआईए के ज्वाइंट सेक्रेटरी अमन गुप्ता और राहुल मित्तल ने संयुक्त रूप से करते हुये उपस्थित सभी उद्यमियों और अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्राफा व्यापारी की रिपोर्ट दर्ज न होने पर रोष

**मीरापुर।** नगर के सर्राफा व्यापारी लालजी ज्वैलर्स की दुकान पर दो ठगो द्वारा दस दिन पूर्व लाखो रूपये के जेवर धोखाधडी कर ठग लिये थे। इस धोखाधडी के प्रति व्यापारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली व रिपोर्ट दर्ज न करने पर रोष प्रकट किया है।मीरापुर के सर्राफा बाजार में दर्शन लाल वर्मा की लाल ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। गुरूवार को तीन व्यक्ति उनकी दुकान पर खरीदारी करने के लिए आये व्यापारी को बातो में उल्झाकर लगभग दो लाख रूपये के सोने के जेवर लेकर फरार हो गये। थोडी देर बाद जब उनका बेटा दुकान पर आया तो उन्हे एक पेकेट कम दिखा तो दर्शन लाल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरो के फुटेज लेकर व्यापारियों को जेवर बरामद करने का भरोसा दिया। सर्राफा व्यापारी दर्शन लाल वर्मा ने पुलिस द्वारा अभी तक रिपोर्ट दर्ज न करने पर पुलिस की कार्य प्रणाली पर रोष व्यक्त किया है। उन्होने कहा कि अगर इस सम्बंध में रिपोर्ट दर्ज नही होती तो वह इस मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करायेंगे।

### जल निगम पैदा कर रहा है गंदगी और मच्छर

**बुढ़ाना।** कस्बे में जल निगम के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े ठेकेदार नगर पंचायत बुढाना के वार्ड नंबर 16 में स्थित मोहल्ला धोबियान पुराना बस स्टैंड अजीज होटल वाली गली मे पुराने नाले से जो गीला कूड़ा निकाल रहे हैं उसमें अब बहुत ज्यादा बदबू होने से मच्छरों का भी प्रकोप पनप रहा है। इस संबंध में वार्डवासियों ने ईओ और बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन से गुहार लगाई है कि वे उक्त रुके हुए सफाई कार्य को जल्द से जल्द पूरा करा दें क्योंकि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। जिस वजह से कूड़े से बीमारी उत्पन्न होने की संभावना है। इस संबंध में चेयरपर्सन से बात हुई तो उन्होंने बताया कि वे इसको दिखवाते हैं। समस्या का समाधान बुधवार तक हो जाएगा।

# एक नवयुवती ने धर्म परिवर्तन कर रचाई शादी

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी एक मुस्लिम नवयुवती ने अपने ही गांव के एक हिंदू युवक से शादी कर ली। दोनों में काफी दिनों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। दोनों ने विगत दिवस घर से भागकर मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी कर ग्रामीणों को चौंका दिया। दोनों ने बुढ़ाना कोतवाली आकर पुलिस को अपने विवाह के प्रमाण पत्र दिखाए तो पुलिस ने दोनों को अज्ञात स्थान पर छोड़ दिया। उधर नवयुवती के परिजनो में प्रेमी युगल के प्रति भारी रोष है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी अमित कश्यप का गांव की ही एक मुस्लिम नवयुवती से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। इसकी भनक युवक के परिजनों को थी लेकिन नवयुवती के परिजन इस बात से बिल्कुल अनिभिज्ञ थे। तब मौका पाकर प्रेमी युगल विगत दिवस गांव से फरार है गये और नवयुवती ने धर्म परिवर्तन करते हुए मंदिर में अमित से विवाह रचा लिया और उधर परिजन युवती की तलाश में लगे थे। दोनों के विवाह का पता परिजनों और ग्रामीणों को लगा तो वे सकते में आ गये। उधर प्रेमी युगल ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर अपने विवाह के प्रमाण पत्र पुलिस को दिखाए तो पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर दोनों को सुरक्षा देते हुए दोनों को अज्ञात स्थान पर भिजवा दिया। घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का दौर हैं। उधर नवयुवती ने अपने परिजनों से ही अपनी जान का खतरा बताया है। नवयुवती ने अपना नाम भी बदल लिया है और मांग में सिंदूर लगाया है।

# साइबर क्राईम रोकने के लिए पुलिस फैलाएगी जागरूकता

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस के निर्देशानुसार आमजन में साइबर क्राईम जागरूकता तथा युवाओं व सोशल मीडिया इन्फलूएंसर की डिजिटल वारियर के रूप में भागीदारी हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राईम सुल्तान सिंह के नेतृत्व में उनकी टीम ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला में पुलिस टीम ने राजकीय विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकगण को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा साइबर अपराध/अपराधीयों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अपने मोबाईल, लैपटॉप आदि में बिना जानकारी के कोई भी एप्लीकेशन इन्सटॉल न करें क्योंकि वह आपकी निजी जानकारी को चोरी कर सकते हैं, इसके साथ ही अपनी निजी जानकारी को सोशल मीडिया अथवा किसी अनभिज्ञ व्यक्ति के साथ शेयर न करें तथा प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना बैंक खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा लोगों को डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि पुलिस कभी-भी लोगों को डिजिटल अरेस्ट नही करती है। साइबर फॅड/धोखाधडी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाईन नंबर1930 पर कॉल करें अथवा अपने



निकटतम थाने की साइबर हेल्प डेस्क से सम्पर्क करें। इसके साथ ही उपस्थित शिकक्षकगण से सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरूद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में डिजिटल वारियर के रूप में भागीदारी करने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर उ0नि0 गौरव चौहान, है0का0 अवधेश कुमार, प्राचार्य डायट संजय रस्तोगी, प्रशिक्षण प्रभारी जितेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिक. ारी/कर्मचारीगण/शिक्षकगण मौजूद रहे।

## दून मिशन के वार्षिक उत्सव में मेधावियों का सम्मान



**शाहपुर।** नगर की इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्था दून मिशन पब्लिक स्कूल के आज वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के होनहार व मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा 7 में अवनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 3 में दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा विराट ने थर्ड पोजिशन में पूरे विद्यालय में टॉप किया। इन तीनों बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने टैलेंट का मंच पर जमकर प्रदर्शन किया देश भक्ति सामाजिक धार्मिक नाटिका व गाने प्रस्तुत किये। कस्बे के मंसूरपुर रोड पर स्थित दून मिशन पब्लिक स्कूल का आज परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को प्रथम आने पर शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल, पूर्व चौयरमैन प्रमेश सैनी व समाजसेवी ललित जैन, ग्राम शाडब्बर प्रधान नीरज राठी, पत्रकार सचिन धवन, शाह टाइम्स के पत्रकार भाग्य शर्मा तथा भाकियू नेता विजेंद्र बालियान ने कहा कि बच्चे मोम की तरह होते हैं। बच्चों को जिस तरह के सांचे में ढाला जाएगा बच्चे वैसे ही हो जाएंगे। बच्चों को संस्ख्ररित व अनुशासित करना बेहद जरूरी है अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य है बच्चों की प्रथम पाठशाला बच्चों की मां होती है। विद्यालय के बाद और विद्यालय से पहले बच्चों को अनुशासित करने में बच्चों की माता को अहम् भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासित और शिक्षित व्यक्ति ही जीवन में सफलता प्राप्त करता है। प्रबंधक सत्यवीर बालियान ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ भारतीय संस्कृति को भी जिंदा रखने का उद्देश्य है और इसी पैटर्न पर विद्यालय का स्टाफ कार्य कर रहा है। प्रबंधक सत्यवीर बालियान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका शालू चौधरी, नेहा, कविता, अनिल कुमार, सचिन सैनी, निशा आदि की विशेष भूमिका रही। संगीत शिक्षिका पूनम को भी सम्मानित किया गया संचालन मुस्कान ने किया।

## ट्रक की चपेट में आने से रेहड़ा चालक घायल

**बुढ़ाना।** जनपद मेरठ के थाना सरधना क्षेत्र के गांव रतनगढी निवासी 28 वर्षीय गोविंद पुत्र ओमकार कश्यप आज मंगलवार के दिन रेहड़े पर सवार होकर अपने बहनोई विकास पुत्र महेश पाल कश्यप के पास रेहड़ा देने के लिए आ रहा था। जब यह सायं के समय बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आया तो सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक से बचने के चक्कर में पास में ओवरटेक करके गुजर रहे दूसरे ट्रक की चपेट में आ गया। जिसमें गोविंद कश्यप घायल हो गया। उधर गश्त करती हुई बुढ़ाना पुलिस ने घायल गोविंद को हस्पताल पहुंचाकर मौके से भाग रहे ट्रक चालक को भागदौड़ कर ट्रक सहित पकड़ लिया। पुलिस ने घटना की सूचना घायल गोविंद के परिजन् को फोन पर दे दी है। रेहड़ा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होना बताया गया है।

# रायपुर अटेरना में मेले को लेकर बैठक

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना में स्थित श्री प्यारे जी महाराज मंदिर के भव्य परिसर में आज मंगलवार के दिन गांव के जिम्मेदार व्यक्तियों की एक आवश्यक बैठक आगामी 20 मार्च को होने वाले श्री प्यारे जी महाराज के मेले को लेकर हुई।

जिसमें प्रधान तेजपाल सिंह, मुकेश कुमार प्रधान, संदीप कुमार प्रधान, हंसराज सिंह प्रधान, रमेश चंद, करण सिंह, कालू राम, लक्ष्मीकांत, बलिंदर सिंह, बिजेंदर सिंह, ब्रह्मानंद सिंह, अशोक कुमार, सुशील कुमार प्रधान, सचिन कुमार, कुलदीप कुमार, सुभाष नेताजी और राम अवतार सहित मेला कमेटी के समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक का



संचालक पंडित जोगेंद्र शास्त्री के द्वारा किया गया। बैठक में मेले मे आने वाले धर्म प्रेमियों को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या ना हो इस बात को बड़ी ही प्रमुखता से ग्रामीणों के बीच रखी गई और सभी सुविधाएं देने का निर्णय लिया गया और मेले मे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इस बात पर भी चर्चा की गई। बैठक में काफी लोगों ने अपने अपने विचार रखे और कहा गया कि सभी को जो जो जिम्मेदारी मेले के संबंध में दी गयी हैं उस जिम्मेदारी को वे बाखूबी निभाएं।

# जान लेवा हमले में घायल युवक की हालत नाजुक, छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मस्जिद के बाहर हुई मारपीट मे गंभीर रूप से घायल युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है घायल मुज़फ्फरनगर के आनंद हास्पिटल में भर्ती है। घटना में आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत मे लिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी शमशेर अंसारी ने दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा फरीद उर्फ चांद पहले रोजे पर नमाज पढने मस्जिद में गया था। आरोप है कि मस्जिद से निकलते ही आबिद व समीर से किसी बात को लेकर कहा. सुनी हो गयी थी, तभी से आबिद आदि उसके बेटे से रंजिश रखते थे। बीते सोमवार शाम को उसका बेटा फरीद व भतीजा अहमद जामा मस्जिद से नमाज पढ़कर निकले थे। तभी मस्जिद के गेट के बाहर पहले से घात लगाये बैठे आबिद, समीर उर्फ आफताब अब्बासी, बाबर, शब्बू, शाहबाज, माजिद अब्बासी समेत आधा दर्जन आरोपियों ने अपने लाठी डंडों, तबल व बलकटी से जान से मारने की नियत से तीनो पर हमला कर दिया और मारपीट करना शुरू कर दिया, जिससे फरीद उर्फ़ चांद अंसारी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं जिसे जिला चिकित्साल्य के बाद आनन्द हॉस्पिटल में रेफर किया जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने बताया कि आधा दर्जन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## अभद्र टिप्पणी से दलितों में आक्रोश, थाने में प्रदर्शन

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी एक युवक ने मंगलवार दोपहर अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एडिट की गई एक वीडियो प्रसारित कर दी। जिसमें बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का फोटो लगा हुआ है तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग कर गंदी-गंदी गालियां दी गई हैं। घटना से नाराज़ दलित समाज के सर्वेश प्रधान, मास्टर संदीप, मास्टर ब्रिजेश, दीपक मिस्त्री, एडवोकेट सतपाल, मनोज, अमित, सनी, बिट्टू, शिवम आदि दर्जनों लोगों ने थाना ककरौली पहुंचकर आरोपी युवक की गिर"तारी की मांग की। उनका कहना है कि जहां एक ओर सभी धर्मों के लोग बाबा साहब का सम्मान करते हैं। वहीं ऐसी घटिया मानसिकता के लोग माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोपी युवक को किसी भी दशा में बख्शना नहीं चाहिए। दलित समाज के लोगों ने थाना ककरौली में आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# जटनंगला वॉरियर्स ने जीती दूसरी सीरीज



**मुजफ्फरनगर।** जटनंगला वॉरियर्स व मुजफफरनगर लायंस टीम के के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में जटनंगला वॉरियर्स ने दूसरा मैच 20 रनों से जीत कर रिकॉर्ड बनाया।

अहलावत ऐकाडमी के क्रिकेट ग्राउंड भैंसी में खेले गए मैच में जटनंगला टीम के कप्तान धमंद्र सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया 20 ओवर में 189 रनों की पारी खेली 4 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाकर 20 रनों से जीत हासिल की,जबकि आमिर ने 112 रनों की पारी खेली, जुनैद ने 35 रन का योगदान दिया तो वहीं हरेनद्र 5 रन, आदेश 5 रन ओर प्रमोद ने 6 रन और श्रवण 2 रन ही बना पाए। मैन ऑफ दा मैच आमिर रहें। लायंस टीम के कप्तान सचिन के नेतृत्व में टीम 169 रन ही बना सकी जिसमें सचिन ने 56 रनों की पारी खेली, अमर त्यागी, जयंत, हिमांशु 7 रन ही बना सके।

## लापरवाही भारत ने पर कलेक्ट्रेट कर्मचारी मशरुर हसन निलंबित

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा में नगर पंचायत जानसठ के पूर्व चेयरमैन के विरुद्ध रिकवरी आदेश का सही ढंग से पालन ने कराए जाने पर कलेक्ट्रेट कर्मचारी मसरूर हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूर्व अध्यक्ष यणेश तंवर के विरुद्ध लोकायुक्त के आदेश पर 84000 की रिकवरी निकल गई थी जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। लोकायुक्त के आदेश पर अब दोबारा इस प्रकरण की जांच हो रही है लेकिन अधिकारियों ने प्राथमिक स्तर पर तत्कालीन नगर पंचायत सहायक मसरूर हसन को लाप. रवाही करने का दोषी माना, और उसका पक्ष जाने बिना उसे निलंबित कर दिया। इससे कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ में आक्रोश है और उन्होंने बैठक कर कल (आज) प्रात: 11:00 बजे जिलाधिकारी से मिलकर कर्मचारी का पक्ष रखने का निर्णय लिया है।

# संसद में गूंजा धामपुर का नाम, सांसद चंद्रशेखर की ओवर ब्रिज की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रेल बजट के दौरान नगीना क्षेत्र में कई ट्रेनों के स्टॉपेज, ओवर ब्रिज, अंडर पास निर्माण की मांग उठाई है। सांसद चंद्रशेखर ने धामपुर के शुगर मिल तथा जैतरा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग की है। सांसद चंद्रशेखर ने रेल मंत्री से चुटकी लेते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी हुई तो वह मानेंगे रेल मंत्री कोई भेदभाव नहीं करते यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो भेदभाव का आरोप तो लगना तय है। संसद सत्र के पहले दिन बोलते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने संबोधन में धामपुर शुगर मिल क्रॉसिंग पर रेल फाटक बंद होने के कारण कई कई घंटे खड़ा होने की बाबत जानकारी संसद में उठाई। सांसद चंद्रशेखर ने कहा आज का युग डिजिटल युग हो गया है, मगर कई कई घंटे खड़ा होना पड़ता है। इसी तरह जलालाबाद क्रॉसिंग पर उन्होंने ओवरब्रिज के नीचे अंडरपास की मांग भी रखी। सांसद ने कहा कि नजीबाबाद माल गोदाम पर ओवर ब्रिज का निर्माण के साथ-साथ उसका प्लेटफार्म भी बढ़ाया जाना चाहिए। दूसरी तरफ ट्रेन रूकती है तो वहां महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इसी प्रकार सांसद ने नगीना बाईपास बिजनौर मार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण, धामपुर जैतरा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण, स्योहारा से नूरपुर क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग रखी। सांसद चंद्रशेखर ने संसद में बताया कि नगीना लोकसभा में क्रॉसिंग पुराने बने है। जिस कारण ना तो अंडरपास ही बन पा रहे हैं ना ही ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही संसद में सहसपुर के मेवानवादा रेलवे स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस तथा सहसपुर रेलवे स्टेशन पर सफदरजंग एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग भी रखी। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि बिजनौर जनपद से बड़ी संख्या में लोग मुंबई की यात्रा करते हैं। वह पहले भी नजीबाबाद से मुंबई के लिए ट्रेन चलाने की मांग रख चुके हैं, मगर अभी तक किसी ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हो सका।

**Name Change**

I Mohammad Aaquib S/o Mohammad Akhlaque R/o Village Mansurpur, District Muzaffarnagar, have changed my name Mohammad Aaquib to Mohd Aaquib for all future purposes.

## शोक में न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** युवा अधिवक्ता विकास त्यागी के मुंशी उत्कर्ष त्यागी का आकघस्मिक निधन हो गया है। आज मंगलवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक शोक सभा बार कार्यालय पर रखी गयी। जिसमें सभी अधिवक्ताओं के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की गई। इस दौरान यहां पर सभी अधिवक्ताओ की सहमति से सभी अधिवक्ताओ के द्वारा न्यायिक कार्यों से विरत रहने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी तथा बार महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डूंगर के अलावा शोक जताने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से योगेश सैनी, कृष्णा त्यागी, एसपी मलिक, संजय त्यागी, मौहम्मद मियां रिजवानी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, अवध बिहारी लाल गर्ग, आबाद कुरैशी, प्रशांत शर्मा, फिरोज मंसूरी, शाहनवाज कुरैशी, महराज कुरैशी और 1रविंद्र कुमार आदि अधिवक्ता हैं

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला उद्योग बंधुओं की बैठक का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया।

आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सीडीओ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एकल खिड़की योजनाध् निवेश मित्र योजना की भी समीक्षा कर सरकारी अनुदान परक विभागीय योजनाओं यथा एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना

प्रगति जानते हुए सहायक आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष 779 आवेदन पत्र बैंकों को ऋण हेतु बैंकों को भेजे गए हैं परंतु बैंकों द्वारा सहयोग नहीं दिया जा रहा है जिस कारण प्रगति खराब है। जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना में प्रगति के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसमें किसी भी प्रकार के लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजना को लेकर लापरवाह बैंकों पर भी एफआईआर की कार्रवाई कराने हेतु एलडीएम को निर्देशित किया गया। बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के लिए आई. टी. आई. के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए गए। बैठक में साईंमां व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने इंडस्ट्रियल एरिया से पूर्वी यमुनानगर तक 03 किलोमीटर नाले की पाइप लाईन बार- बार चौक हो जाती है, जिससे उद्योगों में पानी भर जाता है,नए ओपन नाले का सिल्ट सहित एस्टीमेट बनाकर तैयार करने के लिए कहा गया।

जिस पर मुख्य विकास अधिक. ारी ने पूर्व में गठित कमेटी को पुनः एक बार उद्योग बन्धु को साथ लेते हुए उक्त नाले का मोका मुआयना करने हेतु निर्देशित किया ताकि समाधान निकल सके। बैठक में उधोग बन्धु द्वारा गुरुद्वारे से पहले रेलवे फाटक गाड़ियों की संख्या बढ़ने से ज्यादातर बंद रहता है जिससे वहां पर हमेशा जाम की स्थिति रहने के कारण उद्यमियों एवं नागरिकों को समस्या रहती है और समय का अपव्यय होता है। उधोग बन्धु ने अण्डरपास बनवाया जाने की बात कही जिसके लिए सीडीओ ने संबंधित को पत्राचार हेतु निर्देशित किया।

बैठक में विद्युत विभाग से संबंधित भी उद्योग बन्धु द्वारा समस्याएं बताई गई जिसके समाधान हेतु विद्युत विभाग के अधिकारीयों को निर्देशित किया।आयोजित बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।आयोजित बैठक में साहयक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल, सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में आशीष जैन,अंकित गोयल आदि उधोग बन्धु मौजूद रहे।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किसान इंटर कॉलेज में होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शहर के राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज में होगा। मूल्यांकन कार्य से पूर्व शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डीआईओएस ने मूल्यांकन को ईमानदारी के साथ करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरते जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 2025 की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च को समाप्त हुई थी। बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। जिले में शहर के राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया, जहां मंगलवार को शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीआईओएस जेएस शाक्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के स्पष्ट निर्देश है कि मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सवेरे 10 बजे से मूल्यांकन का कार्य शुरू होगा, जहां शाम पांच बजे तक चलेगा। इसमें शिक्षक बिना किसी लापरवाही के छात्र-छात्राओं की कापियों का मूल्यांकन करे। लाप. रवाही मिलने पर दंडित किया जाएगा। कापियों की चौकिंग के दौरान अंकों को स्पष्ट लिखे। शिक्षक की गलती से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड न किया जाए। मूल्यांकन कार्य के दौरान कोई भी शिक्षक अपना मोबाईल साथ लेकर नही जाएगा। डीआईओएस ने बताया कि मूल्यांकन के लिए 568 शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है। फिलहाल मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाऐं नही पहुंची है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित मलिक, उप नियंत्रक प्रधानाचार्य लोकेन्द्र सिंह, सह उपनियंत्रक श्रवण तोमर, प्रमोद कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, नवाब सिंह, मसव्वर अली, गोपाल कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कालेंद्र मलिक व कपिल खाटियान के बीच कहासुनी के बाद शांता कुमार बने शामली भाकियू जिलाध्यक्ष



**शामली।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कालेन्द्र मलिक व कपिल खाटियान के बीच हुई कहासुनी के बाद हाईकमान के निर्देश पर शांता कुमार को जनपद शामली को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि निवर्तमान जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक को किसी भी पद से हटा दिया गया है। गत दिवस भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में सैकडों किसानों ने भाज्जू कट की मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला था। पैदल मार्च के दौरान जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक व कपिल खाटियान के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई थी। राकेश टिकैत के सामने ही दोनों पदाधिकारियों द्वारा आपस में झगडा दिए जाने के बाद जिले की कार्यकारणी को भंग कर दिया गया था। मंगलवार को भाकियू प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने हाईकमान के निर्देश पर झिंझाना क्षेत्र के गांव दरगाहपुर निवासी शांता कुमार पुत्र मांगेराम को जनपद शामली का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होने स्व बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों पर कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आहवान किया है। शांता कुमार के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने से पार्टी पदा. धिकारियों में खुशी की लहर है।

# बजाज शुगर मिल पर बकाया भुगतान दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी किसानों ने प्रदर्शन कर बजाज शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान दिलाने की मांग की। उन्होने मिल की चीनी बिक्री के कार्य पर प्रतिबंध न लगाने की भी मांग की। क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी किसानों ने मंगलवार को गन्ना क्रय केन्द्र पर प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि गत 30 नवंबर 2024 से गन्ना भुगतान न कराने पर मिल की चीनी बिक्री बंद करा दी गई है। उन्होने कहा कि बजाज शुगर मिल चीनी बेचकर ही गन्ना भुगतान करेगा। इसलिए किसानों का धरना प्रदर्शन भी चलता है और मिल में रखी चीनी की बिक्री भी कराई जाए। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, ओमकार सिंह, राहुल कुमार, राधेश्याम, गौरव, सचिन, राजीव, रविन्द्र, गौतम, बबलू, पप्पू, संजीव कुमार, नरेश सिंह, प्रवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के पदाधिका. रियों ने सपा नेता व पूर्व मंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रति. निधि मंच के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अरविन्द झंझोट ने सपा नेता प्रोफेसर सुधीर पंवार से मुलाकात की।

उन्होने वाल्मीकि समाज की जनहित समस्याओं के बारे में अवगत कराया और विस्तार से वार्ता की और शामली नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के हटाए गए सफाई कर्मचारियों को वापस सेवा में रखवाने के लिए और मृतक आश्रितों को मुआवजा दिलाने की मांग की।

संविदा सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के लिए आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को 25000 वेतन प्रतिमाह दिलाने के लिए पूरे प्रदेश में स्थानीय निकायों में नई भर्ती कराने के लिए आदि समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर संयोजक नंदू प्रसाद वाल्मीकि, अभिषेक शर्मा, सलेक चंद प्रधान, मोहम्मद खुशनूद आदि मौजूद रहे।

# आठ नामजद तथा आठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव दरगाह पुर में दलित युवक को नंगा कर पीटने के मामले में घायल युवक की मां ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ नामजद तथा आठ से 10 को अज्ञात करते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव दरगाह पुर निवासी महिला सीता पत्नी महेंद्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र कपिल शुक्रवार शाम करीब पांच बजे शमशान घाट के रास्ते से होते हुए अपने खेत जा रहा था तभी गांव निवासी कपिल पुत्र गोपाल, छोटू पुत्र रविंदर, अक्षय पुत्र हरपाल, प्रवीण व सर्वेंद्र पुत्रगण इकबाल, अनुज, आकाश पुत्र मोहित तथा दीपक पुत्र राजपाल व आठ दस अज्ञात युवकों ने उसके पुत्र से झगड़ा करने की नीयत से मोबाइल छीन लिया। उसने विरोध किया तो मारपीट कर उसे अपने सूअर फार्म पर ले गए, जहां पर इन लोगों ने उसे नंगा कर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों के पीछे भी उक्त आरोपी लाठी डंडे तथा धारदार हथियार लेकर पीछे दौड़ पड़े तथा जमीन पर डालकर हमारे ऊपर भी हमला कर दिया। पास से गुजर रहे राहगीरों ने हमलावरों से हमारी जान बचाई तथा जाते-जाते जाति सूचक शब्द भी कहे। जिसमें कपिल, सागर, शिवम, महेंद्र तथा महिला सीता घायल हो गई। गंभीर घायलों को मेरठ तथा शामली सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस को आठ नामजद करते हुए 8 से 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विभिन्न मांगों को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने एडीएम को ज्ञापन देकर अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की है। दिए ज्ञापन में कहा कि ईएसपी 95 की न्यूनतम पेंशन रूपये 5000 तत्काल की जाए व अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत, मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाए। ईएसपी की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये की जाए। सार्वजनिक सम्पत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

बीमा, वित्तीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक लगाई जाए। स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामा. जिक सुरक्षा दी जाए। असंगठित क्षेत्र के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाए। इसलिए भारतीय मजदूर संघ की यह कार्यसमिति अपने सभी कार्यकर्ताओं को आवाहन करती है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में एक मार्च से 10 मार्च तक व्यापक जन-जागरण किया जाए। कार्यसमिति सरकार को चेतावनी देती है कि बजट में उपरोक्त के सम्बन्ध में संशोधन कर पारित किया जाए अन्यथा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर रमेशचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पांच विभिन्न मामलों में पांच अभियुक्तों को कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 5 अलग-अलग मामलों में 5 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 10,000/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

1. वर्ष 2019 में अभियुक्त रमेश उर्फ भंडारी पुत्र सुघन निवासी ग्राम दुल्लाखेड़ी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना गढीपुख्ता पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 18.3.2025 को न्यायालय सीजेएसडी/एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धारा में न्यायालय उठने तक की सजा व 2500/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

2. वर्ष 2020 में अभियुक्त रमेश उर्फ भंडारी पुत्र सुघन निवासी ग्राम दुल्लाखेड़ी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना गढीपुख्ता पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था। 18.3.2025 को न्यायालय सीजेएसडी/एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त धारा में न्यायालय उठने तक की सजा व 3000/-रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

3. वर्ष 2005 में अभियुक्त धर्मवार पुत्र ओमप्रकाश निवासी डेरा बक्शीश थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में आज 18.3.2025 को न्यायालय सीजे/जेडी/जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1000/-रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस साधारण कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

4. वर्ष 1997 में अभियुक्त सतीश पुत्र जगवीर उर्फ महावीर निवासी ममपुर थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेडीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 1500/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस साधारण कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

5. वर्ष 2004 में अभियुक्तगण लखविन्द्र पुत्र हरभजन सिंह निवासी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली व मैनपाल पुत्र हरीराम निवासी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 18.3.2025 को न्यायालय सीजेडीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय में बैंठने तक की अवधि की सजा व कुल 2000/-रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस साधारण कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## एक मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 17.3.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 240 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त इनाम पुत्र इकबाल निवासी फातमा मस्जिद के पास खुर्शीद मैंम्बर वाली गली, मौहल्ला गुलशन नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

**एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार**

पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यूध्वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### तीन चोर गिरफ्तार, कब्जे से केबिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 18.3.2025 को वादी जयप्रकाश पुत्र द्वारका प्रसाद निवासी ग्राम अरेटी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा अमर इंस्टीन पेपर कम फैक्ट्री स्थित औधोगिक कण्डेला से काम करने वाले 3 व्यक्तियों के द्वारा विधुत का तार व लोहा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चोरी की घटना में लिप्त अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष कोतवाली शामली को निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध वाहनध्व्यक्ति की चौकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही कर 03 चोरों को 20 किलोग्राम बिजली के केबिल का तार सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण आरिफ पुत्र अख्तर मौहल्ला पन्सारियान चांद मस्जिद थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, उमर पुत्र असगर मौहल्ला पन्सारियान चांद मस्जिद थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, साबिर पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला पन्सारियान चांद मस्जिद थाना कोतवाली शामली जनपद शामली हैं।

### 19 मार्च, 2025 को पूर्व सैनिक रैली का शामली में आयोजन: कर्नल अजय कुमार सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कर्नल अजय कुमार सिंह, अ0प्रा0 जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, शामली ने बताया कि शामली जनपद में कई वर्षों के अन्तराल पश्चात पूर्व सैनिक पुनर्मिलन का आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय शामली द्वारा 19 मार्च को 10:00 बजे से सिटी ग्रीन शामली में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शूरवीर सैनिकों वीरांगनाओं एवं उनके परिजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों हेतु उनकी पेंशन सम्बन्धित समस्याओं के निवारण हेतु स्पर्श की टीम को भी आमंत्रित किया गया है। इस रैली में भूतपूर्व सैनिक कैंटीन एवं मेडिकल सुविधाओं का भी लाभ प्राप्त कर सकेंगें। रैली में सभी भूतपूर्व सैनिकों वीर नारियों एवं उनके परिजनों को सादर आमंत्रित किया गया है। आवागमन हेतु सैनिक बस उपलब्ध कराई जाएगी। बस एलम, थानाभवन एवं खोडसमा में लगाई जाएगी। रैली में मुख्य अतिथि 22 इंफेन्ट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिग मेजर जनरल अनुपम अग्रवाल, वीद्गएसद्गएमद्ग होंगे। अधिक सूचना हेतु जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय शामली से सम्पर्क करें।

### किसान दिवस का आयोजन 19 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि किसान दिवस का आयोजन 19.3.2025 दिन बुधवार को अपराह्व 1:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार बनत (शामली) में मुख्य विकास अधिकारीधजिलाधिकारी महोदय, शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उनके द्वारा समस्त सम्बन्धित से अनुरोध किया गया है कि वह आयोजित होने वाले किसान दिवस में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### लेखपाल पर अपनी मर्जी से कार्य करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्रांम पंचायत जमालपुर के ग्राम प्रधान बबलू ने डीएम को शिकायती पत्र देकर लेखपाल लवकेश कुमार पर अपनी मर्जी से कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होने बताया कि लेखपाल द्वारा किसी भी व्यक्ति के कार्य को सुचारू रूप से नही किया जा रहा है। ग्रामीणों के कार्य के लिए समय देने के बावजूद भी गांव में आकर कार्य नही किया जाता है। ग्रामीणों की शिकायतों का निस्तारण नही किया गया। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होने जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### उप्र माध्यमिक संघ के पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीआईओएस जेएस शाक्य को ज्ञापन देकर तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की है। मंगलवार को दिए ज्ञापन में कहा कि जनपद शामली के 31 मार्च को सेवा निवृत हो रहे शिक्षकों का सेवानिवृत्त तिथि से पूर्व इनके पेंशन, जीपीएफ, एनपीएस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। एनपीएस योजना से आच्छादित शिक्षकों व कर्मचारियों की एनपीएस कटौती राशि एवं राज्यांश को अदतन शिक्षकों एवं कर्मचारियों के एनपीएस खातों में जमा कराना सुनिश्चित कराया जाए। 28 मार्च तक विज्ञपित पदों पर नियुक्ति शिक्षक जो पुरानी पेंशन योजना से आच्छादिक किए गए है के एनपीएस कटौती राशि को उनके जीपीएफ खाते में 31 मार्च तक जमा कराना सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला मंत्री नीरज कुमार बेनिवाल, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जिलाधिकारी महोदय शामली के अनुमोदन दिनांक 10.3.2025 के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ कोषाधिकारी शामली, धीरज कुमार की अध्यक्षता में मुजफ्फरनगर तथा मेरठ के आयकर अधिकारियों के द्वारा जनपद के आहरण एवं वितरण अधिकारियों के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियोंध आहरण एवं वितरण अधिका. रियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक में आए आयकर अधिकारियों द्वारा टी.डी.एस. प्रावधानों (आयकर अधिनियम-1961) की जागरूकता के लिए विस्तापूर्वक परिचर्चा की गई एवं अनुपालन से सम्बंधित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में आयकर अधिकारी मुजफ्फरनगर मांगेराम पुंजीत एवं आयकर अधिकारी मेरठ जगमाल सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी शामली धीरज कुमार, सहायक कोषाधिकारी जयवीर सिंह एवं समस्त स्टाफ कोषागार शामली सहित सभी संबंधित मौजूद रहे।

# युवक की ईंटों से कुचलकर निर्मम हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर के मोहल्ला माजरी में एक युवक की इटों से मुंह पर वार कर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक युवक का शव एक खाली प्लाट में पड़ा हुआ मिला। शव के मिलने से परिजनो में हड़कम मच गया परिजनों घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस कार्यवाही मे लग गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला माजरी निवासी सतीश पुत्र ओमप्रकाश सोमवार की रात अचानक घर से लापता हो गया। जिसका शव सुबह मोहल्ले के निकट एक खाली पड़े प्लाट में पड़ा मिला। सतीश के मुंह को बुरी तरह से ईंटों से कुचला गया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आनन फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सतेन्द्र प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर परिजन मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने घटना के संबन्ध में अपने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर सीओ मुनीश चंद्र भी पहुंचे और घटना के संबन्ध में जानकारी की सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और शव के आस पास घटना स्थल के सैंपल लिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले में मृतक के भाई की तरफ से कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी गई है। घटना के संबन्ध मे एसपी देहात सागर जैन ने मीडिया को बताया कि बेहट पुलिस को आज सवेरे नगर में एक खाली पड़े प्लाट मे शव पड़े होने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर पूछताछ कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। घटना के संबन्ध में मृतक के भाई की तरफ से मोहल्ले के ही दो लोगो पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस अपनी कार्यवाही में लग गई है।

# किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान सेना अराजनैतिक द्वारा एक बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार मोनिका चौहान को दिया गया।

किसानो को संबोधित करते हुए संगठन के युवा ईकाई प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी अंकुर गुर्जर ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का लागत मूल्य भी नही मिल पा रहा है जिस कारण आज किसान परेशान है उपर से जंगल मे घूमते छुट्टा गोवंश फसलों को नष्ट कर रहे है। सरकार द्वारा जगह जगह बनाई गयी गोशालाओं के बावजूद भी इन गोवंश को कर्मचारियों द्वारा वहां पर नही भेजा जा रहा है । दिए गए ज्ञापन मे मांग की गई है कि गन्ना मूल्य 500रूपये प्रति कुंतल किया जाए। जंगलों मे घूमते आवारा पशुओं के लिए एक टीम गठित कर इन्हे गोशालाओं मे भिजवाया जाए। बिजली के मीटरों की जांच कराई जाये क्योंकि प्रति माह बिजली के बिल ज्यादा आ रहे है। नागल बस स्टैंड पर ओवरब्रिज बनवाया जाए । बस स्टैंड हाइवे पर लगातार दुर्घटनाएं घटित हो रही है और आम जनता मौत के मुंह मे असमय जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार, निखिल कुमार, पुष्पेंद्र गुर्जर, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, अक्षय कुमार, सागर, अंकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हत्या मामले के दो वांछित दबोचे

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार 10 मार्च को वादी शमशाद पुत्र यासीन हाल निवासी सिराज कालोनी थाना मंडी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपी अशवत पुत्र इसरार निवासी हसन कालोनी भूरे वाली मस्जिद सहारनपुर, अब्दुल करीम पुत्र नाजिर निवासी 786 नगर, रिहान पुत्र परवेज निवासी जैन कालोनी इलाही मस्जिद सहारनपुर, आशु पुत्र दिलबहार निवासी अहमद नगर ने उसके पुत्र अथहर के साथ गालीगलौच कर जान से मारने की नीयत से चाकू मारकर घायल कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# बाग में बने कमरे से चोरों ने उड़ाया सामान



**चिलकाना।** अज्ञात चोरों द्वारा आम के बगीचे में बने कमरे में नकब लगा कर विद्युत उपकरण सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। पीडित किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बाजार निवासी किसान नीरज जैन पुत्र अनिल जैन ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसका चिलकाना क्षेत्र अन्तर्गत परगना सुल्तानपुर के गांव नाल्हेड़ा रकबे में आम का एक बगीचा है। बगीचे में उसने बिजली के ट्यूबवैल आदि के लिए एक कमरा भी बनाया हुआ है। जिसमें पानी देने के विद्युत उपकरण व अन्य सामान भी रखा रहता था।

मंगलवार को सुबह के समय जैसे ही वह अपने बगीचे में गया तो उसने देखा कि कमरे के पिछले हिस्से की दीवार में नकब लगाकर दरवाजे के लॉक को तोडा गया है। कमरे में रखी मोटर, दो बडे भिंगौने, तीन छोटे भिंगौने, दस प्लेट व दस गिलास व बाग में स्प्रे करने की दवाईयां आदि वहां से गायब है। पीडित किसान ने बताया है कि यह सभी सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है जो कि उसे काफी तलाश करने के बाद भी नही कहीं नही मिला है। तहरीर मिलने पश्चात थाना प्रभारी एएसपी विवेक तिवारी ने पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

# जनसुनवाई में तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर नगरायुक्त राजेश यादव द्वारा जनसुनवाई में आयी सफाई सम्बंधी तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। जबकि अतिक्रमण सम्बंधी दो तथा अवैध पशु डेरियों सम्बंधी शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में आज कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई थी।

मानकमऊ वार्ड संख्या 26 निवासी ओमप्रकाश ने सरकारी स्कूल रविदास मंदिर के निकट नालियों की साफ सफाई कराने, वार्ड 33 द्वारिकापुरी निवासी अमित कुमार ने द्वारिकापुरी में गली नंबर पांच में नाली की साफ सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 30 सम्राट विक्रम कॉलोनी निवासी राधेश्याम ने गली संख्या आठ में नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व कर्मचारियों को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए शिकायतों का निस्तारण करा दिया। इसके अलावा वार्ड संख्या 27 दानिश कॉलोनी निवासी शादाब ने कॉलोनी में खाली पडेघ्प्लाट की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए।

वार्ड संख्या 49 चिलकाना रोड निवासी अंकुर ने पुराना बस स्टैंण्ड आली मस्जिद के सामने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने तथा वार्ड संख्या 27 शॉलीमार गार्डन निवासी भारत भूषण त्यागी ने कॉलोनी में मित्तल नर्सरी के निकट से अतिक्रमण हटवाये जाने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या 25 वेदविहार कॉलोनी की मोनिका शर्मा ने कॉलोनी में चल रही अवैध पशु डेरियों को बंद कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। अपर नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को अवैध रुप से चल रही डेरियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस परीक्षा की सफलता पर विनीत का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** पुलिस विभाग की परीक्षा में सफलता हासिल करने वालों में 10 वीं रैंक प्राप्त करने वाले विनीत पँवार का उसके साथियों व लाइब्रेरी टीम द्वारा भव्य स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कराई गई आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा में 60 लाख से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया था जिनमें से सफल होने वाले प्रतियोगियों में थानाक्षेत्र के गाँव जानखेड़ा निवासी विनीत पँवार पुत्र राजेंद्र सिंह ने दसवां स्थान प्राप्त किया है।मंगलवार को विनीत पँवार बाईपास रोड स्थित स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी पहुँचे जहाँ वे स्टडी करते थे।उन्हें देख कर उनके साथियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्हें फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया और मिठाई बाँट कर खुशी का इजहार किया।विनीत पँवार किसान राजेंद्र सिंह और सरकारी शिक्षिका पूनम देवी के पुत्र हैं और वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षकों और सहपाठियों को देते हैं जिन्होंने हर समय उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विनीत पँवार ने कहा कि वे सेवाभाव और पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी करेंगे।

इस दौरान स्टडी प्वॉइंट के संचालक सतेंद्र कुमार, तौसीफ पँवार, प्रवेश कुमार, जोनी पँवार, निखिल सैनी, आशीष कुमार, डॉ मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कुत्तों व बंदरों से खौफ का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक के कारण लोगों में खौफ का माहौल बना हुआ है। कुत्तों ने करीब तीन दर्जन से अधिक महिलाओं व बच्चों तथा वृद्धजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मंगलवार को नगर के मौहल्ला बंजारान स्तिथ एक इलाके में आवारा कुत्तों ने करीब तीन दर्जन लोगों को अपना शिकार बना लिया। जिससे लेकर लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जिससे लोगों की भीड़ स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में लग गई। डॉक्टरों की टीम ने कुत्तों का शिकार हुए लोगों का उपचार किया। वहीं स्वास्थ्य प्रभारी अधीक्षक डॉ. अमन गोपाल ने बताया कि कुत्ते द्वारा काटे जाने से बिल्कुल भी घबराए नही। अलबत्ता सबसे पहले घाव को स्वच्छ जल और साबुन से अच्छी तरह धोलें। ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। तत्पश्चात त्वरित रूप से एंटी रेबीज टीका लेना बेहद आवश्यक है। ताकि रैबीज जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव किया जा सके। नगर वासी पूर्व सभासद सैफुल इस्लाम, पूर्व सभासद अफजाल निजामी, महफूज निजामी, इसरार कुरैशी, हकीम सुलेमान, पूर्व सभसाद इरशाद निजामी आदि ने नगर पालिका प्रशासन व वन विभाग से आवारा कुत्तों को पकड़कर जंगल छुड़वाए जाने की गुहार लगाई है।

# फरार आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में थाना पहुंचे मृतक युवक के परिजनों ने हत्या के फरार आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार होली के दिन राजकीय इंटर कॉलेज गुमटी के निकट पुरानी रंजिश को लेकर बड़गांव निवासी युवक अर्जुन पुत्र बबलू की तलवार से काटकर हत्या कर दी गई थी। गांव के लोगो ने एक हत्यारोपी का पीछा कर खून से सनी तलवार सहित उसे पकड़ लिया था। जिसको पुलिस के हवाले कर दिया गया था।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों बादल पुत्र नीरज, संगम पुत्र बिन्नू व सुमित पुत्र बबलू के खिलाफ हत्या का मुकदमा करते हुए शनिवार को गिरफ्तार आरोपी बादल को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था व अन्य दो फरार आरोपियों सुमित व संगम की तलाश आरम्भ कर दी थी।उक्त प्रकरण में आज सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में थाना पहुंचे मृतक युवक के परिजनो ने फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। वहीं परिजनों ने युवक की हत्या में किसी अन्य व्यक्ति के शामिल होने का भी अंदेशा जताया है।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B 2016, 9-90008000071 दिनाक 27.4. 2016 में त्रुटिवश मेरा नाम नीरज अग्रवाल लिखा गया है जो गलत है। मेरा सही नाम नीरज कुमार अग्रवाल है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**नीरज कुमार अग्रवाल पुत्र मानसिंह निवासी मोहल्ला कानून गोयान थाना व कस्बा तीतरों तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।**

# मुठभेड़ में गौतस्कर घायल, साथी भी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** मुठभेड़ के दौरान दो गोतस्करो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में एक गो तस्कर घायल हो गया वहीं दूसरे को कांबिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया

नगर में दो दिनों से गो हत्या से पूरे इलाके में तनाव था पुलिस भी गो तस्करों को पकड़ने के लिए दिन रात एक किए थे इसी दौरान तिलफरा चेक पोस्ट पर थानाध्यक्ष सचिन पुनिया के नेतृत्व पुलिस चैकिंग कर रही थी वहां से गुजर रहे बाइक सवार दो व्यक्तियों को पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर चंदेनामाल की तरफ भागने लगे पुलिस ने पिछा किया तो उनकी बाइक फिसलकर गिर गई पुलिस को अपनी ओर आता देख उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी पुलिस की जवाबी फायरिंग में शामली निवासी जावेद पुत्र नफीश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा कारतूस छूरी रस्सी आदि बरामद की। वहीं जंगल के रास्ते फरार होने की कोशिश कर रहे फुरकान पुत्र महबूब को कांबिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# गोदाम मामले में तीन जेल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सहारनपुर रोड स्तिथ एफ एसआई की बंद पडे गोदाम से चोरी के वाहन काटते हुए पकडे गये तीनो आरोपियो को पुलिस ने जेल भेज दिया है। नकुड मे हुई छापेमारी की सूचना के बाद हरियाणा से चोरी हुए गाडियो के मालिक कोतवाली का चक्कर लगाते रहे।

सोमवार को हरियाणा पुलिस ने सहारनपुर रोड पर एफएसआई के बंद पडे गोदाम पर छापेमारी कर उसमे हरियाणा के यमुनानगर से चोरी हुई अशोका लिलेंड 200 गाडी को काटते हुए तीन लोगों को गिरफतार कर लिया था। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने गोदाम से बरामद तमाम सामान व गिरफतार तीनो युवको को अपनी कस्टडी मे ले लिया था। यह बंद पडा गोदाम रविंद्र, मोहकम व उर्मिला का बताया जा रहा है। मगंलवार को शाहबाद निवासी एक अन्य व्यक्ति कोतवाली मे पहुचा। उसका दावा था कि उसकी भी अशोक लिलेंड 200 गाडी शाहबाद से चोरी हुई थी। जिसकी रिर्पोट शाहबाद थाने मे दर्ज है। उसका दावा है कि उसकी गाडी के पार्टस भी गाडियो के इस बुचरखाने मे मिले है। प्रभारी निरिक्षक अविनाश गोतम ने बताया कि आज मंगलवार तीनो आरोपियो को जेल भेज दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने मामले में पाचं युवको दानिश, शाहजेब बेबी, उस्मान, उवैश, जुबैर के खिलाफ संगीन धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर उस्मान, अवैश जुबैर को जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि दानिश व शाहजेब बेबी फरार है। यहां उल्लेखनीय यह भी है कि उस्मान, दानिश व शाहवेज नकुड के मौहल्ला बंजारान के रहने वाले है। जबकि जुबैर व उवैश सगे भाई बताए गए हैं जो सहारनपुर के थाना मंडी क्षेत्र के कमेला कालोनी के रहने वाले है। पुलिस का दावा है कि आरोपियो के कब्जे से टाटा गाडी के तीन इंजन 5 बैटरी वाहनो के काटने के औजार, गाडियो की खिडकियों के अलावा, फुट रेस्ट आदि सामान बरामद हुआ है।

पुलिस का दावा है। कि आरोपियो के तार हरियाणा युपी आदि प्रदेशों से जुडे है। जंहा से ये गाडियो चोरी कर स्क्रेप की आड मे चोरी के वाहनो को काटने का काम करते थे। बताया जाता है कि यहां चोरी के वाहनो कोकाटने का काम लंबे समय से जारी था। यह गोदाम चोरी की गाडियो का बुचरखाना बन गया था।

# शोभायात्रा मार्गों पर होगी समुचित व्यवस्था: डा.अजय

**सहारनपुर।** पार्षदों ने महापौर डॉ. अजय कुमार को एक ज्ञापन देकर श्रीराम नवमी व श्री महावीर जयंती पर शोभायात्रा मार्गो पर सड़कों की मरम्मत तथा समुचित प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। महापौर ने उक्त पर्वो पर निगम की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया है।

दल नेता एवं पार्षद संजय गर्ग, पार्षद अनुज जैन व अमित मित्तल ने महापौर डॉ. अजय कुमार को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि श्रीराम नवमी की शोभा यात्रा 06 अप्रैल को तथा महावीर जयंती ( जन्म कल्याणक) की शोभा यात्रा 10 अप्रैल को शहर के हलवाई अट्टा, सर्राफा बाजार, नया बाजार, चौक फव्वारा, बड़तला यादगार, श्री रामलीला भवन, दीनानाथ बाजार, पुराना बजाजा, रानी बाजार, रायवाला व जैन बाग आदि मार्गो से होकर निकलेगी। पार्षदों ने महापौर से शोभा यात्रा के मार्गो को ठीक कराते हुए समुचित प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

महापौर डॉ.अजय कुमार ने पार्षद आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर निगम हमेशा बिना किसी भेदभाव के सभी महत्वपूर्ण पर्वो पर प्रकाश व सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं पूरे उत्साह और मनोयोग से करता रहा है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B 2016, 9-90008000072 दिनांक 22.12. 2016 में त्रुटि वंश मेरा नाम नीरज अग्रवाल लिखा गया है जो गलत है मेरा सही नाम नीरज कुमार अग्रवाल है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**नीरज कुमार अग्रवाल पुत्र मानसिंह निवासी मोहल्ला कानून गोयान थाना व कस्बा तीतरों तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।**

## घर मे घुस दुष्कर्म करने का आरोप

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने उसके ही गांव निवासी एक व्यक्ति पर पति की गैर मौजूदगी में उसके घर मे घुसकर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि वह 13, 14 मार्च की रात्रि को अपने घर में अकेली पड़ी सो रही थी उसका पति घर पर नहीं था। रात्रि के समय लगभग 1:00 बजे उसी के गांव निवासी एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया। जिसने आते ही उसका मुहं दबाया, जैसे ही पीड़िता की आँख खुली तो उक्त व्यक्ति ने उसके साथ गालीग्लोच करते हुए गलत काम किया। उसके द्वारा विरोध करने पर थप्पड़ मुक्को से मारपीट भी की।

पीड़िता का कहना है कि उक्त व्यक्ति के साथ उसकी पड़ोसन महिला भी मिली हुई थी। मौके पर शोरगुल होने के बाद उसकी एक अन्य पड़ोसन ने विपक्षी से उसकी जान बचाई है। पीड़िता ने आगे बताया है कि उक्त व्यक्ति बदमाश व बदचलन किस्म का है।

# भगवान शिव के अवतारों का किया सुन्दर वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में श्री चार्जों वाला मंदिर जी में हो रही श्री राम कथा के तीसरे दिन माता पार्वती के पूर्व जन्म व भगवान शिव के विभिन्न अवतारों की कथा का सुंदर वर्णन किया गया।

मंगलवार को महिला मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास देवी अपर्णा ने माता पार्वती के पूर्व जन्म की कथा व भगवान शिव के विभिन्न अवतारों की कथा, नारद का मोह दूर करना, विश्व मोहनी का स्वयंवर, रावण, कुंभकरण, विभीषण का प्राकट्य व माता सीता के प्राकट्य का सुंदर वर्णन कर सबको मंत्रमुग्ध किया। देवी अपर्णा ने कहा कि संतों का समागम व हरि की कथा सुनने का सौभाग्य हर व्यक्ति को नहीं मिलता। अच्छे कर्मों व अच्छे फल को ही हरि की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कथा के मुख्य यजमान सविता सैनी, प्रताप सैनी, तल्लूराम सैनी, शुभम सैनी व साक्षी सैनी रहे। इस अवसर पर रामकिशन, गौरव गुप्ता, राजा सैनी, बाबू राम सैनी, शिवकुमार सैनी, प्रियांशु रोहिला, सुखपाल, संतोष शर्मा, सरोज अग्रवाल, कविता सैनी आदि धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जांच की

**सहारपुर।** लायन्स क्लब सहारनपुर सेंट्रल के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क जांच शिविर में 60 लोगों के कोलेस्ट्रॉल, शुगर एवं थाइराइड की जांच की गई।

शारदा नगर चौक पर आयोजित नि:शुल्क जांच के शिविर का शुभारम्भ क्लब के अध्यक्ष संजय भसीन व सचिव मंजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लगभग 60 लोगों के कोलेस्ट्रोल, शुगर एवं थाइराइड की जांच की गई। क्लब के अध्यक्ष संजय भसीन व सचिव मंजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लब द्वारा हर महीने ऐसे ही नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शहर के अलग अलग क्षेत्रों में किया जाता है जिसमें समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों द्वारा नि:शुल्क जांच करवा कर लाभ लिया जाता है। शीघ्र ही एक बड़े नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# जनसेवा केन्द्र का ताला तोड़ हजारों की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** खाकी से बेखौफ हुए चोरों ने बीती रात एक जनसेवा केन्द्र के ताले तोड़कर हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर डायल 112 ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

मौहल्ला कायस्थान निवासी शुऐब पुत्र मुकीम अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह कस्बे के मेन बाजार में स्थित टाल चौक पर जनसेवा केन्द्र चलाता है जिसमें वह नेट बैंकिंग का कार्य करता है। सोमवार की रात को करीब साढ़े दस बजे दुकान बंद करके घर चला गया। अगले दिन यानि आज मंगलवार को सुबह साढ़े छह बजे जब वह टहलता हुआ दुकान की तरफ आया तो दुकान के ताले टूटे हुए देखकर उसके होश उड़ गए। जब दुकान के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था दुकान का गल्ला खोलकर चौक किया तो उसमें रखे नब्बे हजार रुपए की नगदी गायब मिली जिस पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर व्यापारियों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और पीड़ित से घटना के बारे में जानकारी ली। बाद में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की माँग की है।

# विवाहिता को मारपीट कर बनाया बंधक

**पुलिस ने परिजानों की सूचना पर विवाहिता को कराया बंधकमुक्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर बंधक बनाने की परिजनों से जानकारी मिलने पर पुलिस ने विवाहिता को बंधकमुक्त कराया। मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जनपद हरिद्वार (उत्तरांखंड) थाना खानपुर के आलमपुर गांव निवासी सुषमा रानी ने देवबंद कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2007 में बेटी सरिता का विवाह खेड़ामुगल क्षेत्र के डांको वाली गांव निवासी व्यक्ति के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालिए बेटी का शारीरिक व मान. सिक उत्पीड़न करने लगे। इतना ही नहीं उस पर तरह-तरह के इल्जाम लगाकर लगातार मारपीट की जानी लगी। सुषमा के मुताबिक मंगलवार को दामाद ने परिजनों के कहने पर बेटी के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं उन्होंने उसे बंधक बना लिया और जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ पिलाने का प्रयास किया। परिजनों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सरिता को बंधकमुक्त कराया और उसे मायके वालों के साथ भेज दिया। पुलिस के मुताबिक कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जबकि आरोपी दामाद अभी फरार है।

# कार्यकर्ताओं ने बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर का किया स्वागत

**देवबन्द।** बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने रोहाना टोल प्लाजा पर उनका स्वागत किया। बेनीवाल ने अपने स्वागत के उपरांत कार्यकर्ताओं से 2027 के विधान सभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है इसलिए कार्यकर्ताओ को बसपा की नितीयों व कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का काम करें।



बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल का मंगलवार को सहारनपुर जाते रो. हाना टोल पलाजा पर कार्यकर्ताओं ने फूलों से स्वागत किया। इस दौरान बेनीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय होकर आमजन के बीच पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि बसपा सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। जिसके चलते बसपा को जनता ने प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री के पद पर बैठाया है। उनके साथ पहुंचे मंडल प्रभारी सरफराज राइन और विनोद सहगल का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान बसपा के जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह, जिला प्रभारी राजेश प्रधान, जिला प्रभारी रजनीश उजाला, धर्मेंद्र कुमार, सुशील जायसवाल, सुंदरलाल, शीतल, वीरेंद्र, वेदपाल, आसिफ अली और जितेंद्र कुमार आदि बसपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ज़कात अदा करना फर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन की ओर से शुरू की गई हेल्पलाइन में रोजेदार शरीयत की रोशनी में अपनी शंकाओं को दूर कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उलमा ने कहा कि रोजे की हालत में यदि इन्हेलर का इस्तेमाल किया तो रोजा टूट जाएगा।

> अल्लाह का हुक्म और एक इबादत है। इसलिए जकात अलग से अदा करना फर्ज है और इसे किसी भी टैक्स से पूरा नहीं किया जा सकता।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने मंगलवार को कहा कि रोजेदार को चाहिए कि वह इफ्तार से पहले दस्तरख्वान पर बैठकर अल्लाह से खूब दुआ मांगे। हदीस में आया है कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया कि अल्लाह तीन लोगों की दुआ कभी रद्द नहीं करता। मजलूम की, इंसाफ पसंद हुक्मरान की और इफ्तार के वक्त रोजेदार की।

सवाल: मुरादाबाद निवासी बिलाल ने पूछा कि उनके पिता को सांस की बीमारी है और वह इन्हेलर का इस्तेमाल करते हैं। क्या इससे रोजा टूट जाएगा।

जवाब: अगर कोई व्यक्ति रोजे की हालत में इन्हेलर का इस्तेमाल करता है, तो रोजा टूट जाएगा। क्योंकि इन्हेलर के जरिए दवा सीधे शरीर में दाखिल होती है, जिससे रोजा बाकी नहीं रहता।

सवाल: सहारनपुर के अहमद बाग निवासी मसरूर अहमद ने पूछा कि उनका भाई सरकार को पूरा इनकम टैक्स अदा करता है, लेकिन जकात नहीं निकालता। वह मानता है कि इनकम टैक्स से उसकी जकात अदा हो जाएगी। क्या यह सही है।

जवाब: इनकम टैक्स किसी मुसलमान की जकात का बदला नहीं हो सकता। इनकम टैक्स सरकार की जरूरतों के लिए दिया जाता है। जबकि जकात अल्लाह का हुक्म और एक इबादत है। इसलिए जकात अलग से अदा करना फर्ज है और इसे किसी भी टैक्स से पूरा नहीं किया जा सकता।

सवाल: मुजफ्फरनगर के गय्यूर ने पूछा कि यदि कोई रोजा रखता है, लेकिन नमाज नहीं पढ़ता, तो क्या उसका रोजा कबूल होगा।

जवाब: रोजा और नमाज दोनों फर्ज है और एक को अदा करना दूसरे की कमी को पूरा नहीं कर सकता। हालांकि रोजा हो जाएगा, लेकिन जो व्यक्ति नमाज नहीं पढ़ता, वह गुनाहगार होगा और अल्लाह के यहां उसके रोजे का सवाब मिलने का मामला अल्लाह की मर्जी पर निर्भर करेगा।

सवाल: दिल्ली के औखला निवासी शुऐब ने पूछा कि रोजे की हालत में उनके कमर पर एक फोड़ा था, जो अचानक फूट गया। क्या इससे रोजा टूट गया।

जवाब: अगर किसी व्यक्ति का रोजे की हालत में फोड़ा या फुंसी फूट जाए, तो इससे रोजा नहीं टूटता।

## पुस्तक बैंक का स्थापना दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** अनिल सरोज बुक बैंक का आठवां स्थापना दिवस समारोह स्व. अनिल कुमार गुप्ता की 25वीं पुण्यतिथि पर मनाया गया। बुक बैंक के संस्थापक अभिनव गुप्ता ने बताया कि इस बुक बैंक की स्थापना 17 मार्च 2017 को अनिल कुमार गुप्ता जी की 17वीं पुण्यतिथि पर की गई थी। इस बुक बैंक का उद्देश्य उनके आदर्शों पर चलते हुए जरूरमंद छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक पाठन के लिए उपलब्ध कराना है। मात्र 87 पुस्तकों से शुरू हुए इस बुक बैंक में अब लगभग 2500 पुस्तक हैं तथा बुक बैंक कक्षा नौ से 12 स्नातक, परास्नातक, इंजीनियरिंग एंट्रेंस तथा विभिन्न कंपटीशन की पुस्तक नि:शुल्क उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से बुक बैंक एनईईटी की पुस्तकें व मॉड्यूल भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि बुक बैंक किसी भी दानदाता से धन दान में नहीं लेता है। डॉ. विधु माहेश्वरी ने कहा कि बुक बैंक से अनेक विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है। शिक्षक शुभम ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक आशा की किरण है। इस अवसर पर अनिल टांक, नमन, सत्यम, अंकित, चिराग, दिशा, नवदीप, अश्वनी, वरूण आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने ली व्यापार बंधुओं की बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापार बन्धु की समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए व्यापार बंधुओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अंकित गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शामली द्वारा शामली शहर में आईजीएल की लाइन डालने से सड़के खराब हुई पड़ी है,सब जगह ग्ड्ढे हो रहे हैं रोजाना कई एक्सीडेंट होते हैं,जिसको तुरंत ठीक कराए जाने व पालिका बाजार के बाहर संचालित अवैध टेंपो व फल-सब्जी के ठेलों से जाम की समस्या रहती है की समस्या बताई जिसके संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी शामली को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

बैठक में करनाल रोड से जिला अस्पताल तक नहर की पटरी पर लाइट की व्यवस्था न होने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कार्रवाई चल रही है जल्द ही समाधान हो जाएगा।बैठक में घनश्याम दास गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उद्द प्रद्द संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल शामली द्वारा डाकघर से संबंधित समस्या बताई जिसके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अलावा बैठक में व्यापार बंधु द्वारा अन्य समस्या बताई गई जिसको लेकर संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त प्रशासन विजय कुमार,राज्य कर,अन्य विभागीय अधिकारी सहित व्यापार बन्धु उपस्थित रहे।

## साले की हत्या के मामले में था आरोपी

# मर्डर के आरोपी को सबूतों के आधार पर 12 वर्ष बाद मिला आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** साले की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी फैजान को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 60 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया, जबकि दूसरे आरोपी पर दोष सिद्ध नहीं होने पर दोषमुक्त कर दिया।

## राज्य बनाम फैजान व नरेंद्र राणा

जानकारी के अनुसार थाना नकुड़ के कस्बा अंबेहटा पीर निवासी सगीर अहमद पुत्र मौ. शरीफ ने थाना नकुड़ में तहरीर देकर बताया था कि 29 अगस्त 2012 को उसका लड़का अब्दुल कादिर (17 वर्ष) अपने जीजा फैजान निवासी ग्राम मियांनगी थाना बड़गांव के यहां जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन उसका बेटा गांव नहीं पहुंचा।

जिसे काफी तलाश किया गया और थाना नकुड़ में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जिसकी अपराध संख्या 390/2012 धारा 25/27 आयुध अधिनियम में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद 15 सितंबर 2012 को अब्दुल कादिर की लाश मियांनगी के पास गांव सिरसली के तालाब में मिली थी। सगीर अहमद ने लड़के की हत्या का आरोप फैजान पर लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने विवेचना के उपरांत फैजान और ग्राम हुसैनपुर थाना नानौता निवासी नरेंद्र राणा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान पत्रावलियों पर आए साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अदालत ने फैजान को दोषी पाते हुए हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सरकार की ओर से न्यायालय में तैनात अधिवक्ता विक्रम सिंह वर्मा ने सभी पक्ष मजबूत रखे और अदालत को मजबूती के साथ गवाह और सबूत पेश किए, सभी पक्षों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 8 महेश कुमार ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी फैजान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जबकि दूसरे आरोपी नरेंद्र राणा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# गोवंश के केस को खोलने वाली पुलिस टीम को ग्रामीणों ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लव्वादाउदपुर के जंगल में गोवंशों के अवशेषों की घटना के खुलासा करने वाली पुलिस का ग्रामीणों ने मिलकर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलमालाओं एवं पटका व चादर उढाकर सम्मानित किया गया।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर में एक गन्ने के खेत से गौवंशो के अवशेष मिलने से फैली सनसनी के बाद पुलिस ने मामले मे मुकदमा दर्ज कर लिया था और केस के तीव्रता को देखते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर केस को वर्कआउट कर दिया। जिसमे तीन आरोपियों को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद लोगो मे प्रसंशा है। जिसके बाद लव्वादाउदपुर के ग्रामीणों ने मिलकर सम्मान समारोह का आयोजन किया और माता दुर्गा रानी की तस्वीर भेंट की और फूलमाला व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह,हैड कांन्सटेबल आशीष चौधरी,मुकेश कुमार आदि को भी सम्मानित किया गया बता दें हेड कांस्टेबल आशिष चौधरी का इस प्रकरण में अहम भूमिका निभाई।इस दौरान शुभम चौहान समाज सेवी, रामभूल प्रधान जी, सोनू राणा, शक्ति, गोपाल, विजय , शेखर राणा, राजू शर्मा ,हरपाल रोहिल्ला, अनिल राणा, दिलावर, साहब सिंह, यशपाल सैनी आदि मोजूद रहे।

# रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं: शादाबुल इस्लाम

**नजीबाबाद।** मस्जिद सुफ्फा मंडावली के पेश इमाम शादाबुल इस्लाम ने कहा कि रमजानुल मुबारक का महीना अपनी खुसूसिय्यात फजइली बरकात की वजह से इम्तियाजी शान रखता है। रसूल अकरम सल्लाहु अलैहि वासल्लम ने फरमाया की जब रमजान आता है, तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते है। सरकश शयातीन को कैदो बंद में डाल दिया जाता है। इस माहे मुबारक का इबतदाई हिस्सा रहमत दरमियानी हिस्सा मगफिरत व आखिरी हिस्सा दोजख से आजादी का वक्त है। रमजान में बेहिसाब बरकतों व रहमतों वाली एक रात (शबेकदर) आती है जो कुरआने करीम के इरशाद के मुताबिक महीने में एहेले ईमान के रिजक में इजाफा किया जाता है। इसी मुबारक महीने में कुरआने पाक नाजिल किया गया। जिसकी हिदायत की बदौलत इंसानी जिंदगी में इमामों यकीनबकी रोशनी आई अमनो अमान की फिजा पैदा हुई। दिन के रोजो में रात की तरावीह की बरकात मिल जाने से इस महीने की नूरानीयत व तासीर में नुमाया इजाफा हो जाता है।

# चेयरमैन ने सभासदों के साथ डीएम से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद कांधला के चेयरमैन ने सभासदों के साथ डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मुलाकात की। उन्होने डीएम को ज्ञापन देकर स्वकर प्रणाली को लागू न किए जाने की मांग की।

चेयरमैन नजमुल इस्लाम ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा निकायों में स्वकर प्रणाली लागू किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। कहा कि कस्बा कांधला की अधि. कतर जनसंख्या अल्प वेतन भोगी है। निकाय में स्वकर प्रणाली लागू होने से कस्बे वासियों पर अधिक आर्थिक बोझ बढ़ने की प्रबल सम्भावना है।




जिससे कस्बे वासियों पर आर्थिक संकट आ सकता है। कस्बे के निवा. सियों के पास रोजगार के पर्याप्त साधन भी उपलब्ध नहीं है। जिस कारण कस्बेवासी स्वकर प्रणाली लागू किए जाने के लिए सक्षम नहीं है। इसलिए उक्त स्थिति के दृ ष्टिगत जनहित में नगर पालिका परिषद कांधला में स्वकर प्रणाली को लागू न किए जाने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। इस अवसर पर सभासद वकील अहमद, रिहाना, वसीला, मनीष कुमार, वकील, साबरा, गुलिस्ता, सादिक, गौरव सैनी, मुस्तफा, मोहित, मुस्कान, कयूम जंग, चाद बीबी, शबनम, इस्लाम आदि मौजूद रहे।

## दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 300 ग्राम चरस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 300 ग्राम मादक पदार्थ चरस व छोटा इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। एसपी शामली राम सेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता शादाब पुत्र जाहिद हसन निवासी मोहल्ला छड़ियान कस्बा कैराना तथा शादाब पुत्र तौसीफ उर्फ तसव्वर निवासी ग्राम जंधेड़ी बताए। दोनों आरो. पियों के कब्जे से 150-150 ग्राम अवैध चरस व छोटा इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके उनका चालान कर दिया है।

## सत्संग में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का गुणगान किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोमवार रात धार्मिक भक्ति समाज के नेतृत्व में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का गुणगान किया। सत्संग में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कल 19 मार्च को वीतराग परमहंस गुरुदेव दयानंद गिरी का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें सुबह के वक्त हवन यज्ञ का आयोजन होगा। दोपहर के वक्त भंडारा चलेगा। शाम के वक्त संध्याकालीन सत्संग का आयोजन रखा गया है। धार्मिक भक्त समाज के नगर अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में धार्मिक भक्त समाज के महिला और पुरुष दोनों संगठन के श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। आस्था श्रद्धा और विश्वास के साथ गुरुदेव का प्रकाश उत्सव मनाया जाएगा। कस्बे के गीत सत्संग भवन में धार्मिक भक्त समाज के नेतृत्व में नित प्रतिदिन संध्याकालीन सत्संग का आयोजन हो रहा है।

# भाजपा नेता की नहीं मिली लापता जमीन

## प्रशासन ने कॉलोनी में निर्माण व प्लाटिंग को घोषित किया अवैध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा नेता की लापता जमीन को ढूंढने में नाकाम रहे तहसील प्रशासन ने कॉलोनी के बाहर अब कॉलोनी को ही अवैध घोषित करते हुए बोर्ड लगा दिया है। साथ ही कॉलोनी में प्लाटिंग एवं निर्माण कार्य को पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनी में प्लॉट खरीद कर मकान बनाने वाले दर्जनों लोगों में हड़कंप मचा है।




धामपुर क्षेत्र के गांव सरकड़ा निवासी भाजपा नेता दयाशंकर राणा ने 19 नवंबर 2012 में ग्राम दितनपुर में 2550 वर्ग मीटर भूमि का बैनामा अपनी पत्नी रेनू चौहान के नाम कराया था। समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार में भाजपा नेता के द्वारा खरीदी गई जमीन का दाखिल खारिज ना होने का आरोप भाजपा नेता दयाशंकर लगातार लगा रहे हैं। इस मामले में करीब 6 महीने पहले धामपुर तहसील प्रशासन ने दो दर्जन से अधिक मकान स्वामियों को नोटिस जारी किए थे। बताते हैं कि नोटिस जारी होने के बाद भी भाजपा नेता की जमीन नहीं मिली, तो उन्होंने मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगा दी। मामला सीएम कार्यालय पहुंचा, तो तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। करीब दो सप्ताह पहले पूर्व एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह, तहसीलदार पवन कुमार, हल्का लेखपाल राकेश कुमार आदि मौके पर पहुंचे थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने कॉलोनी में निरीक्षण कर राजस्व विभाग का नक्शा खंगाला था। बताते हैं कि भाजपा नेता की जमीन नहीं मिली, तो अब तहसील प्रशासन ने कॉलोनी के बाहर इसके वैध होने का नोटिस बोर्ड लगा दिया है। नोटिस बोर्ड पर ग्राम दितनपुर के गाटा संख्या 58 में प्लाटिंग एवं निर्माण कार्य को पूरी तरह अवैध करार दिया है। हल्का लेखपाल राकेश कुमार ने बताया कि एसडीएम धामपुर के आदेश पर कॉलोनी में होने वाले निर्माण तथा प्लाटिंग को अवैध घोषित करते हुए निर्माण एवं प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है। फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनी में मकान बनाकर रहने वाले दर्जनों मकान स्वामियों में हड़कंप मचा है।

# कोर्ट ने पांच मामलों में पांच आरोपियो को दोषी ठहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय ने पांच अलग अलग मामलों में आरोपियो को सजा सुनाई। वहीं दस हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

वर्ष 2019 में आरोपियो रमेश उर्फ भंडारी पुत्र सुघन निवासी ग्राम दुल्लाखेड़ी के खिलाफ थाना गढीपुख्ता में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में न्यायालय ने न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। वर्ष 2020 में आरोपित रमेश उर्फ भंडारी पुत्र सुघन निवासी ग्राम दुल्लाखेड़ी के खिलाफ थाना गढीपुख्ता में आबकारी अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। वर्ष 2005 में आरोपित धर्मवार पुत्र ओमप्रकाश निवासी डेरा बक्शीश के खिलाफ थाना झिंझाना में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 1997 में आरोपी सतीश पुत्र जगवीर उर्फ महावीर निवासी ममपुर के खिलाफ थाना थानाभवन में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। वर्ष 2004 में आरोपी लखविन्द्र पुत्र हरभजन सिंह व मैनपाल पुत्र हरीराम निवासी चौसाना के खिलाफ थाना झिंझाना में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपित को न्यायालय में बैंठने तक की अवधि की सजा सुनाई। वहीं निर्धारित समय पर अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम सबलगढ़ निवासी रमेश उर्फ बबलू (40 वर्ष) पुत्र सोराज के अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने से घर में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री की शादी को लेकर पारिवा. रिक विवाद चल रहा था। जिस कारण उसके पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि परि. जनों के द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात बताई गई है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम सोनू (SONU) से बदलकर सोनू कुमार (SONU KUMAR) कर लिया है। भविष्य में मुझे सोनू कुमार (SONU KUMAR) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सोनू कुमार (SONU KUMAR)
पुत्र सोमचन्द निवासी ग्राम सापला
खत्री तहसील देवबन्द (सहारनपुर)

# केकेआर-आरसीबी के बीच होगा IPL का आगाज

## शुरुआत 22 मार्च से होगी, 12 बार होंगे डबर हेडर, फाइनल मैच ईडन गार्डंस स्टेडियम में

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। ओपनिंग सेरेमनी भी कोलकाता में ही होगी। इस सीजन में 10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं।

बीसीसीआई ने 2022 में टीमों को 8 से बढ़ाकर 10 कर दिया था। तब से लीग में 10 टीमें ही खेल रही हैं। 10 टीमों को 5-5 के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की 4 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी, जबकि दूसरे ग्रुप की 4 टीमों से एक-एक और पांचवीं टीम से 2 मैच खेलेगी। मान लीजिए ग्रुप-ए की टीम सीएसके अपने ग्रुप में केकेआर, त्त, आरसीबी और पीबीकेएस से 2-2 मैच खेलेगी। वहीं, दूसरे ग्रुप-बी की एक टीम मुंबई के खिलाफ चेन्नई के 2 मैच होंगे, वहीं हैदराबाद, गुजरात, दिल्ली और लखनऊ के खिलाफ 1-1 मैच होगा। 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे। 10 टीमों के होम वेन्यू के अलावा, 3 टीमों ने सब्स्टिटयूट वेन्यू भी रखे हैं। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम के 2 मैच होंगे। धर्मशाला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का दूसरा होम ग्राउंड है।

यहां टीम के 3 मैच होंगे। विशाखापटनम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी। सबसे ज्यादा 9-9 मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम और हैदराबाद के राजीव गांधी उप्पल इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यहां टीम के 7 होम मैचों के अलावा प्लेऑफ के 2-2 मुकाबले भी होंगे। आईपीएल में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच पिछली चैंपियन के होम ग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। मेगा ऑक्शन के बाद कुछ टीमों ने अलग-अलग कारणों से अपने खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट जारी किए। हैरी ब्रुक निजी कारणों की वजह से नहीं खेल रहे हैं। वहीं अल्लाह गजनफर, लिजाड विलियम्स, ब्रायडन कार्स और उमरान मलिक इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं। लीग के दौरान शनिवार और रविवार को डबल हेडर मैच होते हैं। डबल हेडर यानी कि एक दिन में दो मुकाबले। इस बार 12 डबल हेडर होंगे। 22 मार्च से हर दिन मैच खेले जाएंगे। 18 मई को ग्रुप स्टेज खत्म होगा। प्लेऑफ के दौरान 19, 22 और 24 मई को मैच नहीं होंगे। 18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। दोपहर 3.30 बजे से एसआरएस और आरआर हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे। लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा, इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। फिर 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2 होगा। फिर 25 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन भी इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल रहेगा। बीसीसीआई ने 28 सितंबर 2024 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल को 2025 से 2027 तक जारी रखने का फैसला किया था। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के तहत टीमें बीच मैच में किसी एक प्लेयर को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती हैं। हालांकि, रिप्लेस किया गया खिलाड़ी उस मैच में वापस नहीं आ सकता है। इस तरह एक मुकाबले में एक टीम से 12 खिलाड़ी खेलते हैं। किसी टीम की प्लेइंग-11 में विदेश के 4 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं, बाकी 7 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देना होगा। टीमें चाहें तो 11 भारतीय प्लेयर के साथ भी उतर सकती हैं। दोनों टीमें अगर अपनी-अपनी पारियों में बराबर रन बनाती हैं तो मैच टाई होता है। इसके बाद फैसले के लिए सुपर ओवर खेला जाता है। इसमें दोनों टीमें 1-1 ओवर बैटिंग करती हैं, ज्यादा रन बनाने वाली टीम विजेता होती है। सुपर ओवर भी टाई रहा तो अगला सुपर ओवर होगा। यह तब तक होगा, जब तक नतीजा नहीं आ जाता।



# मयंक यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू किया

● **मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे है**

**बंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए राहत की खबर आई है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बंगलुरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।

मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, लेकिन माना जा रहा है कि मयंक शुरुआती चरण का हिस्सा नहीं होंगे। मयंक 2023 सीजन में चोट के कारण बाहर रहे थे, लेकिन उन्होंने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू मैच में ही तीन विकेट झटके थे। इसके बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए जिससे लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। हालांकि, उनका अभियान सिर्फ चार मैचों तक ही सीमित रहा क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण वह आगे नहीं खेल सके। पिछले सीजन ज्यादातर समय बाहर रहने के बावजूद लखनऊ फेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया और मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया।

मयंक की स्थिति में हालांकि सुधार दिख रहा है और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है। मयंक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कोच की देखरेख में सीमित रनअप के साथ गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से पता चला था कि मयंक नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनमें मैच की तैयारी दिख रही है। लखनऊ की टीम को अब सेंटर ऑफ एक्लीसेंस से हरी झंडी मिलने का इंतजार है जिससे मयंक टीम से जुड़ सकें। बताया जा रहा है कि मयंक अप्रैल के दूसरे सप्ताह में टीम के साथ जुड़ सकते हैं। लखनऊ फेंचाइजी को उम्मीद है कि मयंक 11 या 12 अप्रैल को टीम के साथ जुड़ेंगे।

# न्यूजीलैंड ने पाक को रौंदा



**डनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टिम साइफर्ट (45) और फिन ऐलन (38) की शानदार आतिशी पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-0 से बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 135 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टिम साइफर्ट और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़। पांचवें ओवर में मोहम्मद अली ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे टिम साइफर्ट को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। टिम साइफर्ट ने 22 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में जहानदाद खान ने फिन ऐलन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। फिन ऐलन ने 16 गेंदों में एक चौका और पांच छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। इसके बाद खुशदिल शाह ने मार्क चैपमैन (एक) को आउट किया। डैरिल मिचेल (14) और जिमी नीशम (पांच) को हारिस रउफ ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 13-1 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मिचेल हे 16 गेंदों में (21) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो और मोहम्मद अली, खुशदिल शाह और जहानदाद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बारिश के कारण टॉस देर से हुआ। जिसके बाद ओवरों की संख्या घटाकर 15-15 ओवर कर दी गई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। हसन नवाज (शून्य) और मोहम्मद हारिस (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान आगा सलमान और इरफान खान ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ईश सोढ़ी ने इरफान खान (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर सोढ़ी ने खुशदिल शाह (शून्य) को भी आउट कर पाकिस्तान को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। 10वें ओवर में बेन सीयर्स ने कप्तान आगा सलमान को आउट किया।

### खेल विशेष

# पाक मूल के क्रिकेटर जुनैदा की ऑस्ट्रेलिया में मौत

**ऑस्ट्रेलियाई क्लब मैच के समय मैदान पर गिरे, 41.7 डिग्री सेल्सियस पर 40 ओवर फील्डिंग की थी**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गई। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई। शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे। मुकाबले के समय तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था। बेहोश होकर मैदान पर गिरे रोजे पर रहे जुनैद ने गर्मी में करीब 40 ओवर फील्डिंग की। मैच के समय शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वे बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्ध्हें बचाया नहीं जा सका। जुनैद ने ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी की थी। इस दौरान वे 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

जुनैद 2013 में पाकिस्तान से एडिलेड आए थे। जुनैद रमजान के दौरान रोजे रख रहे थे, लेकिन उन्होंने पूरे दिन पानी पिया। क्योंकि इस्लामिक नियमों के अनुसार अगर कोई व्यक्ति बीमार या अस्वस्थ महसूस करता है तो उसे रोजे के दौरान पानी पीने की अनुमति होती है। क्लब जुनैद के क्रिकेट क्लब ने दुख जताते हुए कहा, श्हम अपने एक स्टार सदस्य की मौत से बहुत दुखी हैं। मैच के दौरान अचानक उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। पैरामेडिक्स की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं।



# चोटिल फुटबॉलर लियोनेल मेसी विश्व कप क्वालीफायर से हुए बाहर

● **मेसी अंटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हो गए थे चोटिल**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी फीफा विश्वकप क्वालीफायर मैचों से बाहर हो गए हैं। क्वालीफायर के लिए घोषित 25 सदस्यीय टीम में मेसी को शामिल नहीं किया गया है। 37 वर्षीय मेसी अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी द्वारा जीते गए मुकाबले में रविवार को चोटिल हो गए थे। इंटर मियामी ने मेसी की मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि की है। क्लब ने कहा है कि मेसी ने अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मैच में दर्द की शिकायत के बाद उनका एमआरआई स्कैन कराया। जांच में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई है। चिकित्सक दल ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी गई है। पिछले हफ्ते जमैका की टीम कैवेलियर के खिलाफ कॉनकाकफ चैंपियंस कप की जीत में बेंच से उतरने और स्कोर करने से पहले मेसी को मियामी के तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था।

# न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच तीसरा महिला टी-20 मैच बारिश के कारण हुआ रद्द

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मंगलवार को तीसरा महिला टी-20 मैच भारी बारिश के कारण बेनतीजा रहा। इसी के साथ दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हो गई। यहां यूनिवर्सिटी ओवल में श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 60 रन जोड़े। चामरी अटापट्टू ने सूजी बेट्स को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। बेट्स ने 28 गेंदों पर 31 रन बनाये। एम्मा मैकलियोड (चार) और ब्रुक हैलीडे (शून्य) पर आउट हुई। बारिश होने के कारण खेल को रोकने के समय जॉर्जिया प्लिमर 37 गेंदों में (नाबाद 46) और इजी शार्प (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद थी और न्यूजीलैंड ने 14-1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाये थे। श्रीलंका की ओर से इनोशी प्रियदर्शनी, कविशा दिलहारी और चामरी अटापट्टू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। इसके बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

# मोदी ने विशेष ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों से संसद भवन में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।



मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है जिन्होंने इटली के ट्यूरिन में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 33 पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने संसद में भारतीय एथलीट दल से मुलाकात की और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी। विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों के पदक विजेता एथलीटों से मुलाकात करने की फोटो साझा करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि इटली के ट्यूरिन हुए विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय दल ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते है।

# टीम बदलाव के दौर से निपटने में सक्षम : मेहदी हसन



**छह से सात खिलाड़ी ऐसे है जिन्हे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव है**

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज का मानना है कि टीम में पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी है और वे प्रमुख वरिष्ठ खिलाड़ियों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चल रहे बदलाव के दौर से उबरने में सक्षम है। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेहदी ने कहा कि फिलहाल टीम में छह से सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो सात से 10 साल से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्हें अब नया नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रक्रिया है। हमें अभी फैसला लेना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

विश्वकप में अभी दो से ढाई साल का समय है, इसलिए हमें तुरंत टीम तैयार करनी होगी। उन्होंने कहा कि चयन में निरंतरता महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट से दो या तीन महीने पहले ही तैयारी शुरू करना बहुत मुश्किल होगा। मुशफिकुर भाई (रहमान) और पिछली पीढ़ी के अन्य खिलाड़ियों ने सात से आठ वर्ष तक टीम की सेवा की है और बंगलादेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अब, हम भी लंबे समय से यहां हैं। हमारा लक्ष्य बंगलादेश क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली पीढ़ी ने एक अच्छी आधारशिला रखी है। अब हमारा काम टीम को और आगे ले जाना है।

# ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को शामिल किया



**दुनियाभर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलेंगे**

**कोस्टा नवारिनो (यूनान), वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कोस्टा नवारिनो के रोमानोस रिसॉर्ट में आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। बाक ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम यह फैसला लेने की स्थिति में थे। सत्र में इसे मंजूरी के लिये रखा जायेगा और मुझे यकीन है कि इसे मंजूरी मिल जायेगी। इसके बाद दुनिया भर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल सकेंगे अगर उनके राष्ट्रीय महासंघ को विश्व मुक्केबाजी से मान्यता मिली हुई है। उल्लेखनीय है कि मुक्केबाजी 1904 से ओलंपिक खेल रहा है, लेकिन शासन, संचालन और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के कारण आईओसी ने वर्ष 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता को निलंबित कर दिया था।

# टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया की पूर्ण

**टोरेंट और इरेलिया ने समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी**

**अहमदाबाद, वार्ता।** टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटन्स में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

टोरेंट ग्रुप कि ओर से बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति वाले व्यावसायिक समूह टोरेंट ग्रुप ने बीसीसीआई सहित सभी आवश्यक संस्थानों से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, इरेलिया कंपनी पी-टी-इ- लिमिटेड से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फेंचइजी गुजरात टाइटन्स (इरेलिया स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इससे पहले इस वर्ष 12 फरवरी को टोरेंट और इरेलिया ने इस प्रक्रिया के लिए विशिष्ट समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि अधिग्रहण प्रथागत संविदात्मक शर्तों और अनुमोदन के अधीन होगा। इन शर्तों की पूर्ति के साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। करार के मुताबिक सीवीसी द्वारा फंडित संस्था इरेलिया 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हिस्सेदारी के साथ इस फेंचाइजी में अपनी संबद्धता बनाए रखेगी। आईपीएल के इतिहास की सबसे युवा और सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक गुजरात टाइटन्स को अब टोरेंट जैसे बड़े पैमाने पर कारोबार के निर्माण और संचालन में कार्यरत समूह की व्यापक विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

**रमजान मुबारक**



**उन्नीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.00 |
| | शिया | 5.04 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.31 |
| | शिया | 6.46 |

**सच्चा ताकतवर वह नहीं जो कुश्ती में जीतता है बल्कि यह है जो गुस्से के समय अपने आप को काबू में रखता है।**
**हजरत मुहम्मद स.अ.व.**

# सांसद इमरान ने उठाई रेलवे और स्वास्थ्य की बेहतर सेवाओं की मांग

- सहारनपुर और देवबंद रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग
- सहारनपुर के लिए नई ट्रेनों और रेलवे विस्तार का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद ने संसद में सहारनपुर में रेलवे और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को उठाया।

संसद में देर रात रेल बजट पर चर्चा के दौरान सांसद इमरान मसूद ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि वह अपने द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान प्रभारी के रुप में सहारनपुर की जनता से किए गए वादों को पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सहारनपुर रेलवे स्टेशन का नामकरण मां शाकंभरी देवी के नाम और देवबंद रेलवे स्टेशन का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी के नाम पर करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि सहारनपुर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत व्यापक है और मां शाकंभरी देवी का इस क्षेत्र से गहरा धार्मिक संबंध है। वहीं, देवबंद की पहचान विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्थान 'दारुल उलूम देवबंद' के कारण होती है, जहां मौलाना हुसैन अहमद मदनी ने समाज और राष्ट्रहित में अतुलनीय योगदान दिया। सांसद ने तर्क दिया कि इन नामकरणों से न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान मिलेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों की भावनाओं का भी सम्मान होगा।

रेल बजट पर चर्चा के दौरान सांसद इमरान मसूद ने सहारनपुर से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन चलाने, सहारनपुर से अलीगढ़ होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने और मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल का विस्तार सहारनपुर तक करने की भी मांग की। उन्होंने राजाजी नेशनल पार्क के अंतर्गत देहरादून-हरिद्वार रेलवे ट्रैक पर हाथियों के आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए ईआईडीएस योजना को लागू करने का भी आग्रह किया।

सांसद इमरान मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया की दिन भर चली कार्यवाही में शून्यकाल के दौरान सांसद इमरान मसूद ने सहारनपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, और अन्य गंभीर बीमा. रियों के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में सहारनपुर में उचित व्यवस्था न हो पाने के कारण इन मरीजों को इलाज के लिए चंडीगढ़ या दिल्ली जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक कष्ट उठाने पड़ते हैं।

## हेट स्पीच मामले में सांसद इमरान ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका



**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हेट स्पीच मामले में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

सांसद इमरान मसूद ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है। मामला पीएम मोदी के खिलाफ दी गई हेट स्पीच से जुड़ा है। जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। यदि इमरान मसूद पर कोर्ट कोई फैसला देता है तो उनकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी पर विवादित बयान देने के मामले में इमरान मसूद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। 28 मार्च 2014 को देवबंद के तत्कालीन कोतवाली प्रभारी कुसुमवीर सिंह ने इमरान मसूद के खिलाफ देवबंद कोतवाली में केस दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि तब कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने देवबंद थाना क्षेत्र के लबकरी गांव में चुनावी सभा के दौरान बीजेपी प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान दिया था।

# एसपी देहात से मिले विधायक उमर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट में पिछले दिनों आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर गरमाये माहौल के बाद आज सपा विधायक उमर अली खान ने पुलिस अधीक्षक देहात से मुलाकात की और अभी तक हुई तमाम कार्येवाही के बारे में जानकारी ली।

विधायक उमर अली खान को एसपी देहात ने बताया कि फेसबुक प्रबंधन को दोबारा रिमाइंडर भेजकर ये कन्फर्म कराया जा रहा है कि आपत्तिजनक पोस्ट आरोपी युवक ने ही की थी या फिर उसका मोबाइल हैक कर किसी दूसरे व्यक्ति ने ये पोस्ट की है। उमर अली खान ने बेहट में प्रदर्शन के दौरान 150 अज्ञात लोगों पर दर्ज मुकदमे का मामला उठाया तो आश्वासन दिया गया कि किसी भी सही व्यक्ति को सताया नही जाएगा।

# जीआई सर्वे के आधार पर बढ़ा टैक्स निरस्त हो: टिंकू

## मेयर डा.अजय व नगर आयुक्त से मिला पार्षदों का डेलीगेशन, सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के विधानसभा प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने मेयर व नगर आयुक्त से मिलकर जीआई सर्वे के आधार पर लगाया गया हाउस टैक्स तत्काल निरस्त कराये जाने की मांग की।



अभिषेक ने ज्ञापन देते हुए बताया कि पूरे नगर में टैक्स विभाग द्वारा जीआई सर्वे के आधार पर दो-दो ओर तीन तीन वर्ष के नोटिस मकानो और दुकानों पर भेजे जा रहे हैं जो कि बिल्कुल गलत है। इतना टैक्स बढ़ाए जाने से पूरे शहर के लोगों में हाहाकार मच रहा है। 100 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक टैक्स की वृद्धि की गई है यह आधारहीन तथ्यों के आधार पर लगाया गया है जबकि पिछले वर्ष ही नगर निगम द्वारा पूरे नगर में 12-30 प्रतिशत टैक्स की वृद्धि की गई थी और अब 100 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस समय महंगाई की मार से वैसे ही आमजन को अपना जीवन जीने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में नगर निगम द्वारा टैक्स वृद्धि से आमजन को अपने परिवार चलाने में भी अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

टिंकू अरोड़ा ने कहा इस सरकार में प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति परेशान है लगातार टैक्स लगाकर आम जनता का जीना भी मुश्किल कर दिया गया है। पार्षद फहाद सलीम ओर नितिन जाटव ने कहा कि जिस व्यक्ति द्वारा कर्मचारियों को मैनेज किया जा रहा है उनका टैक्स बढ़ा हुआ खत्म कर दिया जा रहा है जो कि बिल्कुल गलत है। पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद हाजी फजलुर्रहमान और पार्षद इमरान सैफी ने कहा इस बढ़े हुए टैक्स को तत्काल निरस्त किया जाये।

## किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक की सोना सैयद माजरा टोल प्लाजा पर बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार किया गया।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है,गांग्नोली मिल किसानों का भुगतान नहीं कर रही है, किसानों का शीघ्र भुगतान नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन रक्षक जल्दी ही बड़ा आंदोलन करेगी । जिला प्रभारी राहुल फौजी ने कहा कि किसानों को डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही है। जिला अध्यक्ष रविंद्र सैनी ने निराश्रित गोवंश का जिक्र करते हुए कहा कि निराश्रित पशुओं को आश्रय स्थलों में भेजा जाए। बैठक में सुबे सिंह विपिन हांडा सुनील राणा मलिक,राहुल फौजी रोहित बिल्लू मौजूद रहे।

# जिले में संगठन होगा मजबूत: जगपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह का पार्टी पदाधिकारी ने बधाई देते हुए स्वागत किया।

देहरादून चौक स्थित बसपा के मंडल कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला प्रभारी जनेश्वर प्रसाद व प्रभारी एस. आलम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बहन जी ने जगपाल सिंह को जिलाध्यक्ष बनाकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जोश भरने का काम किया है। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि बहन जी ने जो विश्वास मुझ पर किया है मैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

बैठक में कार्यालय सचिव नरेश कुमार, अध्यक्ष अनिल धारिया, पार्षद अनिल पप्पू, पार्षद एहतेशाम, प्रताप सिंह, डॉ सुभाष, नजम कुरैशी वसीम आलम आदि समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बसपा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा

**सहारनपुर।** बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने बताया कि राजेश प्रधान, रजनीश उजाला को जिला प्रभारी,जीशान गाडा को उपाध्यक्ष, रजनीश बंधु को महासचिव, रविंद्र गुर्जर को सचिव, अमित त्यागी को कोषाध्यक्ष, श्रीमती शशि सहगल को जिला संयोजक बामसेफ, सतीश कुमार को जिला संयोजक बीवीएफ तथा लोकेश राणा, अजब सिंह सैनी, स्वराज सिंह को सदस्य कार्यकारिणी बनाया गया है।

# कुरआन ए पाक पर करें अमल: मौलाना फरीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी ने कहा अल्लाह ने जो हुकुम कुरान ए पाक में दिया उस पर अमल करें और जिन्दगी को असान बनाये।

मौहल्ला छीपियान स्थित एक स्कूल में तरावीह के आखिरी दिन दुआ के मौके पर मौलाना फरीद ने यह उदगार व्यक्त किये। उन्होने कहा कि आज हम लोग गली मौहल्लों में दिन रात खड़े होकर अपना किमती वक्त खराब कर रहे हैं ये हमारी सबसे बड़ी बर्बादी की वजह है। उस्ताद (प्रोफेसर)मदरसा मजाहिर उलूम वक्फ व ईमाम ए खतीब नई मस्जिद छिपयान मौलाना मौहम्मद सलमान ने कहा कि कुरान अल्लाह की किताब व जबान है इस की हर बात पर अमल करना चाहिए लेकिन आज मुसलमान इस किताब से दूर होता जा रहा है।

ईमाम ए खतीब तकिये वाली मस्जिद गढ़ी मलूक मौलाना समीर अहमद ने कहां कि देखने में आता है कुरान को सिर्फ रमजान में ही पढ़ा जाता है जबकि इस को पुरे साल पढ़ना व सुनना चाहिए इस बीच कुरान सुना रहें बच्चे हाफिज मौहम्मद जाफर का होंसला बढ़ाते हुए बोलें कारी जिल्लूररहमान ईमाम ए खतीब खुमरान मस्जिद पुरानी चुंगी ने कहा इतनी कम उम्र में कुरान को बिन देखे पढ़ना बहुत बड़ी बात है। आखिर में कारी महताब सहाब ने दुआं करा कर प्रोग्राम में खत्म किया। इस मौके पर डा.हारून,डा अकरम,मौलाना मौ मरगूब, हाजी शमशेर, हाफिज उस्मान और भी बहुत लोग मौजूद रहे।

## जीर्णोद्धार पर की चर्चा

**गागलहेड़ी।** ग्राम तिवाया में प्राचीन रविदास मंदिर बहुत ज्यादा जर्जर हालत में हो चूका है जिसे लेकर पुलिस की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया।मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर चर्चा की गई ।

मंगलवार को गांव तिवाया में रविदास मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया और ग्राम वासियो ने एक मत रखते हुए मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर अपना पक्ष रखा।वही बैठक में पहुंचे एएसपी मनोज कुमार ने कहा कि मंदिर सोंदर्य करण व समिति गठन को लेकर दो पक्षो में थोड़ा सा विवाद था जिसको आपस में बैठाकर समझा दिया है और दोनों पक्ष संतुष्ट है।

इस दौरान थाना प्रभारी सुरेश कुमार, ग्राम प्रधान सचिन कुमार, मास्टर महेंद्र, जय कुमार, मांगेराम, महिपाल सिंह, इलम प्रधान, सुमन, मेहर सिंह, चंद्रभान मौजूद रहे।

# राणा परिवार ने किया सीएम योगी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बीती शाम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर दर्शन करने पहुंचे जहां मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अतिथि परम्परा के तहत विद्वान ब्राह्मणों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार कर अर्घ्य प्रदान कर उनका स्वागत किया।



इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर कार्यालय पहुंचे जहां आदित्य प्रताप राणा उनके भाई आतुल्य प्रताप राणा व बेटे सुयश राणा तथा अन्य परिवार वालो ने सीएम योगी आदित्यनाथ को मां शाकंभरी देवी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया और सीएम को शाकंभरी देवी मंदिर के पौराणिक इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद आदित्य राणा के साथ मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूजा अर्चना की और मां भगवती के समक्ष शीश नवाते हुए प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान सिद्धपीठ शाकंभरी देवी में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रति मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ गंभीर नजर आए। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाकंभरी देवी मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा को आश्वासन दिया कि वे नदी में अचानक बाढ़ के पानी से श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने से होने वाली परेशानियों को देखते हुए जल्द ही नदी पर पुल बनाने का काम कराया जायेगा।

## घर से निकालने का लगाया आरोप

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकालने का कथित आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़ित महिला मुनेबा ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि उसका पति करीब 30 वर्ष पहले काम करने के लिए दिल्ली चला गया था। वह वहीं पर रहकर काम कर रहा था। वह घर पर अपनी एक लड़की के साथ अकेली रहती थी। दु:ख सुख में उसके जेठ तथा उसके बच्चे काम आते थे। उसकी बेटी के जवान होने पर उसकी शादी भी उसके जेठ तथा उसके बच्चों ने की है । करीब 4 वर्ष पहले उसका पति बीमार हो जाने कारण गांव में आ गया था। अब वह हर छोटी-छोटी बातों को लेकर उससे मारपीट करने लगा है ।

# क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने में ठेकेदार की मनमानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन के कारण क्षतिग्रस्त सडक को ठीक करने में ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है।

ब्लाक साढौली कदीम के ग्राम पंचायत बेगपुर नौगांवा में ठेकेदार द्वारा नाली खुदाई कहीं पर कम तो कहीं पर कम की जा रही है। प्रधान मौहम्मद इकराम को जब इसका पता चला तो उन्होंने ठेकेदार से काम सही करने को कहा। प्रधान का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा धमकी दी गई है। जिसे लेकर प्रधान ने जल जीवन मिशन के फील्ड आफिसर नीतू कुमार से मिले और उन्हें हकीकत से अवगत कराया। जिस पर नीतू कुमार ने बताया कि नाली निर्माण कार्य की गहराई आठ इंच गहरी खुदाई होनी चाहिए जिससे चार इंच कच्चा माल



ओर पक्का माल सीमिट बजरी आदि चार इंच गहरा होना चाहिए जितनी टूट फूट जेसीबी मशीन व हाथ के गरैडर आदि से हुई है सभी जल जीवन मिसन के अंतर्गत ठीक कराई जाती है यदि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य सही नहीं किया जा रहा है तो काम बंद करा दिया जाए।

# 12 निर्धन कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 23 मार्च को देवला में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम गौतम ने रविद. ास छात्रावास में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा सर्वसमाज की बारह कन्याओं का सामूहिक विवाह आगामी 23 मार्च को बेहट रोड स्थित देवला में धूमधाम से सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा देशभर में एक सौ ग्यारह संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज के स्वरूप प्रदान किए जा रहे हैं। साथ ही सर्वसमाज में भाईचारा मजबूत करने के लिए अनेकों धार्मिक स्थलों का सौंदर्यकरण कराकर प्रतिमा स्थापित की जा रही जिससे समाज में समरसता बढ़ती रहे। उन्होंने सभी से सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने और उन्हें ससम्मान विदा करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने एसडी गौतमने ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष भावना सिंह ने बताया कि समाजहित में आयोजित की जा रही सामूहिक विवाह समारोह की सभी तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं।



वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम मेहरा, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार, जिलाध्यक्ष विपिन बर्मन, जिलाध्यक्ष (युवा) जॉनी कुमार, जिला महामंत्री सुमित खुराना, शुभम मेहरा, वार्डन दिव्य प्रकाश भारती, जिला उपाध्यक्ष काजल व रूपक खुराना, जिला मंत्री सुभाष कुमार, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक, सोशल मीडिया प्रभारी बिट्टू, महानगर उपाध्यक्ष सत्यम बालियान, रजनीश गौतम, फूलकुमार प्रधान, प्रिंस प्रधान, निकुंज पालीवाल, इलू बर्मन, सक्षम गौतम, सावन बाबरे, विकास, आदित्य, गुरदास, रविकुमार, ऋतिक, सुमित टपराना, देवेंद्र कटारिया, नवीन कुमार, जोगेंद्र व मीरा देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

























# सम्पादकीय

बुधवार , 19 मार्च 2025

## रोगों के मुहाने पर दिल्ली

लोकल सर्किल्स द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि बुखार, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द, पेट की परेशानी, जोड़ों में दर्द और सांस की समस्याएं स्वाइन फ्लू (एच5एन1) के लक्षणों में से हैं, जो दिल्ली के 54 प्रतिशत घरों में मौजूद हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों (50 से अधिक उम्र के) को इन लक्षणों के होने का सबसे अधिक खतरा है। दिल्ली-एनसीआर इलाके में मौसमी इन्फ्लुएंजा में वृद्धि की हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर, एक बार फिर यह समय एहतियाती सूचना जारी करने और देश में व्यस्क टीकाकरण पर जोर बढ़ाने के लिए नए प्रयास करने का है। इलाज कर रहे कई फिजीशियनों और श्वास-रोग विशेषज्ञों ने बताया है कि इस मौसम से संबंधित प्रमुख स्ट्रेन इन्फ्लुएंजा ए और इन्फ्लुएंजा बी हैं। इन्फ्लुएंजा, जिसे फ्लू भी कहा जाता है, वायरस से होने वाला एक संक्रामक श्वास रोग है। इसे अक्सर आम सर्दी में शामिल कर लिया जाता है, क्योंकि मौजूद लक्षण एक जैसे होते हैं, अचानक खांसी और गले में खराश, साथ में तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, थकान और भरी हुई नाक, लेकिन, दोनों कतई एक नहीं हैं। दोनों अलग-अलग वायरस की वजह से होते हैं और लक्षणों व गंभीरता में भिन्नता हो सकती है। फ्लू के कारण हल्की से लेकर गंभीर अस्वस्थता होती है जिसमें कभी-कभी अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और कुछ मामलों में, ज्यादातर भर्ती में देर होने पर, मौत भी हो सकती है। भारत में मौसमी इन्फ्लुएंजा दो बार चरम पर होता है, एक बार जनवरी से मार्च के दौरान और दूसरी बार दक्षिण- पश्चिम मानसून के उत्तरार्ध में अगस्त से अक्टूबर के दौरान। भारत ने स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सामने आने वाले इन्फ्लुएंजा जैसी अस्वस्थता (आईएलआई) और सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन्स (एसएआरआई) के मामलों की लगभग वास्तविक समय (रियल टाइम) में निगरानी की व्यवस्था विकसित कर ली है। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद इस कार्यक्रम को ज्यादा मजबूत बनाया गया। नैदानिक प्रयोगशालाओं (डायग्नोस्टिक लैब्स) के देशव्यापी नेटवर्क के जरिए भी रियल टाइम निगरानी की जाती है। महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि फैल रहे स्ट्रेनों पर नजर रखने और मौसमीपन (सीजनेलिटी) को परिभाषित करने के लिए इन्फ्लुएंजा की निगरानी सबसे महत्वपूर्ण औजार है। इसके अलावा, यह फैल रहे प्रासंगिक स्ट्रेनों के साथ टीकाकरण के समन्वय में अहम भूमिका निभाता है। इन सारी सूचनाओं की मौजूदगी को देखते हुए, मामलों में कोई भी मौसमी वृद्धि स्वास्थ्य प्रबंधकों की नजर से चूकने की संभावना बहुत कम है। हालांकि, सरकारों के लिए जो काम हाथ में है वह थोड़ा ज्यादा जटिल है। यह है, पूर्वानुमान लगाकर बीमारी के प्रकोप को संभालने के लिए तैयार होना और बचाव की भावना जगाना, खासकर उच्च जोखिम वाले समूहों में, जिसमें बहुत कम और बहुत ज्यादा उम्र के लोग आते हैं। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सांस की पुरानी तकलीफ वाले लोगों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अनुशंसित हस्तक्षेपों में सबसे महत्वपूर्ण है इन्फ्लुएंजा के लिए टीकाकरण पर जागरूकता बढ़ाना। वास्तव में, फ्लू का उन्नत (अपडेटेड) टीका समय-समय पर लगवाने से सभी उम्र के लोग लाभान्वित होंगे।

## सहारनपुर स्टेशन मां शाकंभरी देवी और देवबंद स्टेशन मदनी साहब के नाम पर हो



सहारनपुर रेलवे स्टेशन का नामकरण मां शाकंभरी देवी और देवबंद रेलवे स्टेशन का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब के नाम पर किया जाए, मां शाकंभरी देवी का इस क्षेत्र से गहरा धार्मिक संबंध है। वहीं, देवबंद की पहचान विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद के कारण होती है, जहां मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब ने समाज और राष्ट्रहित में अतुलनीय योगदान दिया, इन नामकरणों से क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान मिलेगा, सहारनपुर से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन , अलीगढ़ होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत ट्रेन की और मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल का विस्तार सहारनपुर तक किया जाना चाहिए।

**इमरान मसूद**
**सांसद कांग्रेस**

# चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग

**2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं, नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है**



प्रियंका सौरभ

सरकारी अधिकारियों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है, क्योंकि वे अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के निभाने का प्रयास करते हैं। कई सिविल सेवकों को अक्सर अपने विकल्पों से असंतुष्ट व्यक्तियों या समूहों से धमकियों, उत्पीड़न और अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति शासन की अखंडता को नष्ट कर सकती है, नैतिक व्यवहार को बाधित कर सकती है और सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर कर सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए, नैतिक मानकों को बनाए रखना, कानूनी सुरक्षा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी भूमिका निभा सकें। सरकारों को पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही जनता को लोकतंत्र और न्याय को बनाए रखने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए।

कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालांकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियां हो सकती हैं। सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएं प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएं न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मज़बूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहां तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, ग़लत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है।

शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढांचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो ग़लत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मज़बूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं।

कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास ख़त्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मज़बूत जवाबदेही प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है।अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण ख़तरा है। मज़बूत सुरक्षा, कानूनी जवाबदेही और उत्पीड़न के प्रति सामाजिक प्रतिरोध के बिना, सार्वजनिक संस्थानों की अखंडता खतरे में पड़ जाती है। सरकारों, कानून प्रवर्तन, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और नागरिकों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें।



# अशांति का बिजनेस...

**हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति सौहार्द, प्रेम, समानता सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं, वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे और डकार तक न लेंगे, 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है, जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है**

**1933 से 1945 के बीच नाजी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया, इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई**
**यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ, स्टॉर्म ट्रूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे**



पवन सिंह

पूरे विश्व में तमाम ऐसे राजनैतिक संगठन और उनके अलंबरदार हुए हैं जिनका समूचा राजनैतिक भविष्य केवल अहिंसा, अशांति, नफरत, वैमनस्य, घृणा, गुरबत और अशिक्षा को प्रश्रय देने पर ही टिका रहा है! जब-जब ऐसी 'ब्लैक स्पाट' ताकतें जहां-जहां भी हुकूमत में रही है, वहां-वहां कभी शांति और सद्भाव नहीं रहा है। हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति, सौहार्द, प्रेम, समानता, सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं। वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे, और डकार तक न लेंगे। 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।

अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है। जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है। वर्तमान में भारत में अशांति का सफलतम बिजनेस चल रहा है और दुखद यह है कि जो समाज स्वयं असमानता, अत्याचार और गरीबी व अशिक्षा का शिकार है, वही सबसे ज्यादा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अशांति के बिजनेस को जितना मैं समझ पाया हूं। इसे संचालित करने में लंबा वक्त लगता है लेकिन जब यह बिजनेस चल निकलता है तो बहुत ही कम समय में तमाम मानवीय मूल्यों का विध्वंस कर देता है। अशांति के बिजनेस के पूरे विश्व में आपको सैकड़ों उदाहरण और उनके भग्नावशेष मिलेंगे और कुछ ताजातरीन भी जैसे श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान आदि। श्रीलंका में सिंहली गौरव को इतनी हवा दी गई कि अंततः श्रीलंका तबाह हो गया। पाकिस्तान में शियाओं व अहमदियों से नफरतों और पंजाबी मुसलमानों के भीतर सर्वश्रेष्ठता का गुमान अंततः पाक को तबाह कर गया! अफगानिस्तान के तालिबानियों को लगा कि शरिया कानून ही अल्लाह के सबसे नजदीक है। फिर अंतर्राष्ट्रीय ताकतें भी इस नफरत में हाथ साफ करने निकलीं और एक खूबसूरत देश अफगानिस्तान तबाह हो गया।

अब एके-47 हाथों में उठाए तालिबानियों की समझ में आया कि विकास और शांति राइफल की नाल में नहीं 'कलम की निब' में होती है। इतनी सी बात समझने में न जाने कितनी इंसानी जिदंगियां खाक हो गईं। भारत को भी उसी ठर्रे पर लाया जा चुका है। एक धर्म विशेष के प्रति नफरतों का उफान, उनके धर्म स्थलों पर हमले, उनके धर्म स्थलों पर जाकर कमर मटकाने के अलावा तथाकथित हिंदुओं जिन्हें आप दलित/ओबीसी कह सकते हैं के प्रति असम्मान, असहिष्णुता, अत्याचार और असमान व्यवहार उसी का हिस्सा है। इधर अनेक लोगों ने मुझसे विभिन्न नौकरियों को लेकर जारी नियुक्तियों की सूचियां साझा कीं। उन्हें देखकर साफ लगता है कि किस तरह से तथाकथित रूप से इन तथाकथित हिन्दुओं के साथ अन्याय हुआ है! लेकिन इन तथाकथित हिन्दू जातियों का भी हिन्दुत्व के लिए लहराते रहना आश्चर्यजनक ही नहीं हास्यास्पद भी है। इन जातियों को मोक्ष, पुण्य, पुनर्जन्म, स्नान, यात्रा और भवसागरों की लहरों में ऐसा फेंका गया है कि ये सब उसी में तैर रही हैं। ये जातियां अपने ही शोषण का आनंद लें रही हैं। दरअसल यही अशांति के बिजनेस की ताकत है जो आपसे आपका विवेक छीन लेती है और अपमान के भाव को गौरवपूर्ण बना देती है। हिन्दुत्व ने भारतीयता को पराजित कर दिया है और यही अशांति के बिजनेस की सफलता है।

थोड़ा सा होलोकॉस्ट यानी यहूदियों के अंत पर चर्चा कर ली जाए। जर्मनी में होलोकॉस्ट नाजियों ने 60 लाख से ज्यादा यूरोपीय यहूदियों का राज्य-प्रायोजित उत्पीड़न और हत्या की थी। होलोकॉस्ट एक उभरती हुई प्रक्रिया थी जो 1933 और 1945 के बीच पूरे यूरोप में हुई। इसके मूल में यहूदी-विरोधवाद था जैसे भारत में इस वक्त मुस्लिम विरोध को हवा दी जा रही है। यहूदियों के प्रति घृणा या पूर्वाग्रह, नाज़ी विचारधारा का मूल सिद्धांत था। वर्ष, 1933 से 1945 के बीच नाज़ी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया। इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई।

यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ। स्टॉर्म ट्रूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ, यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे। प्रसार होता था कि-जर्मन! अपना बचाव करें! यहूदियों से सामान मत खरीदो! जैसा कि आज आप भारत में देख रहे हैं। मुसलमानों से सामान न खरीदें। मुसलमानों से दूरी बनाएं आदि। हिटलर से सबसे ज्यादा प्रभावित भारत का एक तथाकथित राष्ट्रवादी संगठन और उसका आका रहा और उसका संगठन निरंतर 70 सालों तक अपने प्रोपेगैंडा में लगा रहा और अंततः सफल रहा।

# बर्लिन से ज्यादा ऊंची नफरत की दीवारों पर खामोश हैं मोदी जी

**1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन व जमीनी साम्राज्यवाद के जमाने अब खत्म होते जाएंगे**




श्रवण गर्ग

यह एक अलग तरह का युद्ध है जिसकी तैयारी शायद अलग-अलग प्रयोगशालाओं में सालों से की जाती होगी! ऐसा युद्ध जिसमें हथियारों का इस्तेमाल कम से कम दिखता है पर लड़ाई निरंतर चलती रहती है। उस समय भी जारी रहती है जब लगने लगता है कि अब सबकुछ सामान्य हो गया या हो रहा है। इस तरह के युद्ध में प्रतिद्वंद्वी का शरीर नहीं बल्कि उसका अपने होने या बने रहने की ज़रूरत में यक़ीन ख़त्म कर दिया जाता है। युद्ध की खूबी यह होती है कि इसे 'प्रेम और सौहार्द' की थीम पर लड़ा जाता हैं पर अंतिम नतीजे के रूप में नफ़रत को हासिल किया जाता है।

नवम्बर 1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन और ज़मीनी साम्राज्यवाद के ज़माने अब ख़त्म होते जाएंगे। मोदी जी ने इस संदर्भ में एक टिप्पणी सिख धर्मावलम्बियों के पाकिस्तान में करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में जाने के लिए पंजाब सीमा पर कॉरिडोर के निर्माण के सिलसिले में की थी। गुरु पर्व के अवसर पर उन्होंने कहा था: किसने सोचा था कि बर्लिन की दीवार गिर सकती है! शायद गुरु नानक देवजी के आशीर्वाद से करतारपुर काकॉरिडोर (भारत-पाक के) जन-जन को जोड़ने का बड़ा कारण बन सकता है।

यूक्रेन युद्ध और हाल की अन्य घटनाएं बताती हैं कि न सिर्फ़ भौगोलिक विभाजन फिर से ज़िंदा हो गया है नए युद्ध शुरू हो गए हैं। ये युद्ध समाजों को धर्म के आधार पर विभाजित करने के हैं। मोदी जी पोलैंड की राजधानी वारसा से दस घंटों की ट्रेन यात्रा करके सिर्फ़ सात घंटों के लिए यूक्रेन की राजधानी कीव इसलिए जाते हैं क्यूंकि महाशक्ति रूस के साथ उस छोटे से देश की लड़ाई ख़त्म करवा सकें पर अपने ही देश के भीतर एक बड़े धर्म और छोटे संप्रदाय के बीच उनकी ही पार्टी के तत्वों द्वारा चलाए जा रहे युद्ध के प्रति प्रधानमंत्री बहुत ही सहजता से आँखें मूंद लेते हैं। आपसी गिले-शिकवे दूर करने के त्योहार होली के अवसर पर 'सांप्रदायिक प्रेम और सोहार्द' क़ायम रखने के नाम पर उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ वह दहशत पैदा करने वाला है। आबादी के मान से यूपी को एक राष्ट्र मान लिया जाए तो उसे दुनिया के कुल 234 मुल्कों में इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बीच पांचवे क्रम पर रखना पड़ेगा। ये दोनों ही इस्लामी हुकूमतें हैं। होली को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में जिस तरह की दहशत पैदा हुई वह राष्ट्रीय स्तर पर दिल दहलाने वाली है।

आज़ादी के बाद (या शायद पहले भी) कभी ऐसा नहीं हुआ होगा कि मस्जिदों को तिरपालों से ढाका गया हो या नमाज़ों का वक्त बदला गया हो। मुस्लिमों से कहा गया कि वे घरों के भीतर रहते हुए चल रहे रमज़ान के महीने के दौरान अपनी शुक्रवार की नमाज़ पढ़ें। मुल्क की ज़िंदगी में इस तरह के हालत किसी विदेशी ताक़त से सामरिक युद्ध या असाधारण कर्फ्यू के दौरान ही पैदा होते रहे हैं। जो हो रहा है वह इसलिए ख़तरनाक है कि एक भौगोलिक पाकिस्तान के निर्माण के लिए तो गांधी को गुनहगार ठहराकर उन्हें सज़ा भी दे दी गई पर मुल्क की एक बड़ी आबादी के दिलों और गांव-शहरों की बस्तियों में जिन हज़ारों-लाखों छोटे-छोटे पाकिस्तानों का निर्माण जाने-अनजाने हो रहा है उसके लिए आगे आने वाला भविष्य किस 'गांधी' को दोषी ठहराएगा? यूपी की घटनाओं के बाद सोशल मीडिया पर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं कि मुल्क को आखिर किस दिशा में ले जाया जा रहा है? क्या कुछ ऐसा हो रहा है कि एक राज्य अलग दिशा में जा रहा है और दूसरा अलग दिशा में और राष्ट्र किसी तीसरी दिशा में जाने की तैयारी में जुटा है? राष्ट्र के भविष्य को लेकर नरेंद्र मोदी का स्वप्न क्या यूपी पर योगी के स्वप्न से भिन्न हो सकता है जबकि दोनों नेता एक ही पार्टी के घोषणापत्र और संवैधानिक निष्ठाओं से बंधे हुए हैं। अब मामला यूपी का नहीं बचा! भय यह है कि होली के अवसर पर यूपी में जो कुछ हुआ वह 'एक्सीडेंटल' था या उसे किसी 'प्रयोग' के तौर आज़माया गया था? अगर 'प्रयोग' था तो उसकी सफलता-असफलता का प्रभाव आने वाले त्योहारों और अन्य राज्यों के अमन-चैन पर कितना पड़ने वाला है।



# शादी और त्योहारों के बीच डाइट फॉलो करना नहीं होगा मुश्किल

इन दिनों शादियों और त्योहारों का सीजन चल रहा है। ऐसे में खाने-पीने का ख्याल रख पाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब आप खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए डायट फॉलो कर रहे हों। तो वहीं कुछ लोगों की यह भी शिकायत होती है कि अगर एक बार बाहर का खाना खा लिया जाए, तो फिर डाइट को फॉलो करना मुश्किल हो जाता है।

अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपनी डाइटिंग को ज्यों का त्यों बरकरार रख सकते हैं।

### शुगर या फिजी ड्रिंक से बनाएं दूरी

मीठे ड्रिंक्स का सेवन करे से आप ढेर सारी कैलोरी को शरीर में शामिल कर सकते हैं। फिर चाहे वह फलों का रस हो, चीनी वाली चाय हो या कॉफी और फिजी ड्रिंक्स आदि में चीनी शामिल हो सकती है। ऐसे में अगर आप किसी शादी या फिर त्योहार के आयोजन में शामिल हो रहे हैं, तो आप शुगर या फिर शुगर वाली चीजों से बचकर रहना चाहिए।



### अल्कोहल से बनाएं दूरी

इसके साथ ही अल्कोहल में हाई कैलोरी होती है क्योंकि अगर आप अल्कोहोलिक ड्रिंक पीते हैं, तो आपका हेल्दी फूड और एक्टिविटी प्लानिंग पर टिके रहना मुश्किल हो सकता है। इसलिए अल्कोहल से दूरी जरूर बनाएं।

### भूख लगने पर ही खाएं

जब भी हम किसी पार्टी में शामिल होते हैं, तो तरह-तरह के फूड्स को देखकर क्रेविंग होना लाजमी है। इस बात का खास ख्याल रखें कि आप तभी खाएं, जब आपको भूख लगी हो। आप ऐसा भी तय कर सकते हैं कि आप दिन में सिर्फ तीन बार खाना खाएं। वहीं दो समय हेल्दी स्नैकिंग कर सकते हैं।

### हेल्दी खाना

शादी या फिर किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान आप हेल्दी खाने को अपनी प्रियॉरिटी बनाएं। आप फ्रूट्स या सब्जियों का सलाद खा लें। वहीं ज्यादा भूख लगने पर आप दाल-चावल खा सकते हैं।

# सुनीता विलियम्स की 9 महीने बाद अंतरिक्ष से होगी वापसी



**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुना. वे भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 8:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा। इस सफर में करीब 17 घंटे लगेंगे। नासा की ओर से इस इवेंट का एक अनुमानित शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें मौसम के कारण बदलाव भी हो सकता है। नासा के अनुसार 19 मार्च को सुबह 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू होगा। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया जाएगा। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री होगी और सुबह फ्लोरिडा के तट पर पानी में लैंडिंग होगी। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे धरती पर लौटेंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का यह सफर 17 घंटे का होने वाला है। वे फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। मिशन प्रबंधक इस बीच, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने उनके स्थान पर पहुंचे चारों नए अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन से संबंधित जानकारियां साझा कीं और कई प्रमुख बातें सिखाईं।

## मोदी ने लिखा सुनीता विलियम्स को लेटर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने X पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है-आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। सुनीता विलियम्स 5 जून 2024 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ISS पहुंची थीं। वे 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहने के बाद 19 मार्च को धरती पर वापस आने वाली हैं।

## भारत-फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेनिक अभ्यास वरुण कल से

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच स्थाई समुद्री साझेदारी का प्रतीक 23वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण का 23वां अभ्यास कल से शुरू होगा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 2001 में शुरुआत के बाद से, वरुण सहयोग की आधारशिला के रूप में विकसित हुआ है और नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता तथा परिचालन तालमेल को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष के संस्करण में समुद्री अभ्यासों, उप-सतह, सतह और वायु क्षेत्रों में जटिल युद्धाभ्यासों की एक रोमांचक श्रृंखला शामिल की गई है। अभ्यास में विमानवाहक पोत विक्रांत और चार्ल्स डी गॉल की संयुक्त भागीदारी, उनके लड़ाकू विमानों, विध्वंसक, फ्रिगेट और एक भारतीय स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी के साथ, दोनों नौसेनाओं की सहयोगी ताकत देखने को मिलेगी। वरुण-2025 में उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और लड़ाकू अभ्यास किए जाएंगे, जिसमें फ्रांसीसी राफेल-एम और भारतीय मिग-29के बीच कृत्रिम मुकाबला शामिल है। इसे सामरिक और परिचालन क्षमताओं को परिष्कृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास पानी के नीचे के क्षेत्र में जागरूकता में कठोर प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जबकि सतह पर युद्ध संचालन भारतीय और फ्रांसीसी बेड़े द्वारा समन्वित युद्धाभ्यास और जुड़ाव का प्रदर्शन करेगा। समुद्री गश्ती विमान परिस्थितिजन्य जागरूकता को बढ़ाएंगे, और समुद्र में पुन: पूर्ति अभ्यास रसद सहयोग को मजबूत करेंगे। यह सहयोग एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित समुद्री वातावरण की सुरक्षा के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। सर्वोत्तम प्रथाओं और आपसी समझ के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर, यह अभ्यास इन दोनों देशों की सबसे जटिल समुद्री परिदृश्यों में भी निर्बाध रूप से संचालन करने की क्षमता की पुष्टि करता है।

## आखिरी बार 2013 में भारत आई थीं सुनीता



### सुनीता और बुच विल्मोर ने ट्रम्प और एलन मस्क का जताया आभार

**फ्लोरिडा।** नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया है। मस्क द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में सुनीता ने कहा, हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना वे योजनाएं न बनाएं। हम जल्द ही वापस आ जाएंगे। बुच विलमोर ने कहा, हम सभी मस्क के प्रति अत्यंत सम्मान रखते हैं और जाहिर तौर पर हमारे राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति भी सम्मान और प्रशंसा रखते हुए हम उनकी सराहना करते हैं।

**नई दिल्ली।** सुनीता विलियम्स का भारत से खास नाता रहा है। सुनीता अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन उनकी जड़ें भारत में हैं। सुनीता विलियम्स के पिता डॉ दीपक पंड्या गुजराती मूल के भारतीय-अमे. रिकी डॉक्टर थे। उनकी मां बोनी पंड्या यूरोप के स्लोवाकिया से थीं। सुनीता दो बार भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। वह आखिरी बार 2013 में भारत आई थीं। सुनीता दौरे पर कोलकाता गई थीं। उनसे ईश्वर या किसी अज्ञात शक्ति के अस्तित्व के बारे में उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अंतरिक्ष में कुछ अज्ञात है। वह नई दिल्ली भी गई थीं। उन्होंने नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से मुलाकात की थी और अपने अनुभव साझा करने को कहा था। साथ ही सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया था। सुनीता गुजरात में मेहसाणा के झूलासन स्थित अपने पैतृक गांव भी गई थीं। उनके पिता डॉ. दीपक पंड्या इसी गांव से थे और अमेरिका जाने से पहले 1950 के दशक के अंत में अहमदाबाद के वाडीलाल साराभाई अस्पताल में डॉक्टर थे। सुनीता लोगों के साथ नोट्स का आदान-प्रदान करते हुए बहुत खुश थीं। गांव के बच्चों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसे सुनीता ने गौर से देखा।

## नीदरलैंड पाक को हथियार सप्लाई न करे: राजनाथ

### नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने कहा: दक्षिण एशिया की शांति को खतरा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ रक्षा साझेदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए तत्पर है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद यह बात कही। इस दौरान उन्होंने अपील की कि नीदरलैंड्स पाकिस्तान को डिफेंस इक्विपमेंट या तकनीकी सहायता न दे। राजनाथ सिंह का कहना था कि पाकिस्तान को हथियार और टेक्निकल सहायता देना दक्षिण एशिया में शांति सुरक्षा को कमजोर करता है।

नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान कुछ समय पहले माइन-हंटर्स दिए थे। इसके अलावा नीदरलैंड्स के डेमन शिपयार्ड से पाकिस्तान 1,900 टन के मल्टीरोल वाले पाकिस्तान को अक्क्रशोर पेट्रोल वेसेल की सप्लाई भी कर रहा है। कई डच कंपनियां मिलिट्री के क्षेत्र में, खासकर नौसेना के क्षेत्र में पाकिस्तान के साथ बातचीत कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा , नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और भी गहरा और उन्नत करने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक और एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ शामिल थी।

इस बीच रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिन्द प्रशांत और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी और मानकों को एक दूसरे का पूरक बनाया जा सके। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

आवश्यकता है।
पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

आवश्यकता है।
पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षों का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

आवश्यकता है।
पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्नन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499